हरिभूमि
संस्कारधानी भूमि
रायपुर, शनिवार 8 अगस्त 2026

राजनांदगांव | कवर्धा | डोंगरगांव | अं. चौकी | मोहला | मानपुर | छुरिया | डोंगरगढ़ | खैरागढ़ | छुईखदान | गंडई | पंडरिया | पांडातराई | स लोहरा | बोड़ला | कुण्डा | कोलेगांव

महीनेभर में डेढ़ हजार मामले निपटे, अब ढाई हजार लंबित...दुर्ग-रायपुर से स्थिति बेहतर

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

प्रदेशभर के तहसील दफ्तरों से लेकर कलेक्टोरेट स्थित राजस्व न्यायालयों में वर्षों से अटके पड़े प्रकरणों को लेकर जहां आम जनता हलाकान है। वहीं जिले से एक राहतभरी और उम्मीद जगाने वाली तस्वीर सामने आई है। प्रशासनिक कसावट और राजस्व अधिकारियों की तत्परता का ही परिणाम है कि जिले में बीते महीनेभर के भीतर डेढ़ हजार से अधिक राजस्व प्रकरणों का सफलतापूर्वक निराकरण कर लिया गया है। वहीं अब लंबित मामलों की संख्या भी ढाई हजार के करीब पहुंच गई है। जिसके भी आने वाले समय में तेजी से निपटारे की तैयारी की जा रही है। छत्तीसगढ़ के कई बड़े और प्रशासनिक रूप से अहम जिलों की तुलना में राजनांदगांव की स्थिति काफी बेहतर नजर आ रही है, जहां राजधानी रायपुर, न्यायधानी बिलासपुर और औद्योगिक शहर दुर्ग जैसे बड़े जिलों में लंबित मामलों का आंकड़ा कई हजार से लेकर दस हजार के करीब पहुंच रहा है। वहीं राजनांदगांव में अब लंबित मामलों की संख्या घटकर महज ढाई हजार के आसपास रह गई है।

आमतौर पर देखने में आता है कि तहसील कार्यालयों में हर दिन दर्जनों मामलों में सुनवाई की तारीखें तो दी जाती है, लेकिन ज्यादातर मामलों में विभिन्न कारणों से सिर्फ अगली तारीख ही मिल पाती है। कई जगहों पर रोज महज 20 से 25 प्रतिशत प्रकरणों पर ही सुनवाई संभव हो पाती है। विवादित मामलों, दस्तावेजों की कमी या पक्षकारों की अनुपस्थिति के कारण वर्षों पुराने प्रकरण अटके रहते हैं।

प्राथमिकता से हो रहा वर्षों से अटके मामलों का निपटारा, दस्तावेज दुरुस्तीकरण में भी आई तेजी

पक्षकारों-किसानों को राहत

राजस्व मामलों के त्वरित निराकरण से सबसे बड़ा लाभ जिले के किसानों और आम नागरिकों को मिला है। नामांतरण और सीमांकन जैसे कार्य समय पर होने से जहां जमीन-जायदाद से जुड़े विवाद खत्म हो रहे हैं। वहीं शासकीय योजनाओं के लाभ के लिए पक्षकारों को दफ्तरों के चक्कर काटने से मुक्ति मिली है। राजनांदगांव जिले की यह सक्रियता प्रदेश के अन्य जिलों के लिए भी एक बेहतर नजीर पेश कर रही है।

बड़े जिलों की तुलना में बेहतर तस्वीर

प्रदेशभर के आंकड़ों पर नजर डालें तो तहसील दफ्तरों में राजस्व प्रकरणों के पेंडिंग रहने की समस्या बेहद गंभीर है। पड़ोसी जिले दुर्ग में जहां लंबित प्रकरणों का आंकड़ा 9,435 तक जा पहुंचा है। वहीं बिलासपुर में 4,821 और रायपुर में 4,681 मामले लंबित पड़े हुए हैं। कांकेर 4,939, रायगढ़ 4,756 और कोरबा 4,066 जैसे जिलों का हाल भी कुछ ऐसा ही है। इसके विपरीत राजनांदगांव जिले में हाल ही में 1,500 से ज्यादा मामलों के तेजी से निपटारे के बाद अब कुल लंबित प्रकरणों की संख्या घटकर मात्र 2,634 रह गई है। बड़े जिलों की तुलना में लंबित मामलों की यह कम संख्या और तेजी से निपटारे की दर यह दर्शाती है कि जिले में राजस्व प्रणाली को सुचारू बनाने के लिए ठोस प्रयास किए जा रहे हैं।

हरिभूमि
सुनहरा मौका
सुनिश्चित उपहार 2026
सामान्य कूपन
08 अगस्त 2026
कूपन नं.
11

खबर संक्षेप

जिला साहू संघ की बैठक 9 को

राजनांदगांव। जिला साहू संघ राजनांदगांव के अध्यक्ष नोबल साहू की अध्यक्षता में जिला साहू संघ की आवश्यक बैठक 9 अगस्त को सुबह 11 बजे साहू सदन, जिला अस्पताल के पास, बसंतपुर राजनांदगांव में आयोजित की जाएगी। जिला साहू संघ के महामंत्री अनिल कुमार साहू एवं जिला प्रचार सचिव अंकालू साहू ने बताया कि बैठक में जिला साहू संघ के समस्त पदाधिकारी, तहसील साहू संघ के अध्यक्ष एवं सचिव, विभिन्न प्रकोष्ठों के संयोजक, सह-संयोजक, सचिव तथा सदस्यगण उपस्थित रहेंगे। बैठक में संगठन की गतिविधियों की समीक्षा, आगामी सामाजिक एवं संगठनात्मक कार्यक्रमों की रूपरेखा, सदस्यता विस्तार अभियान तथा समाजहित से जुड़े विभिन्न विषयों पर चर्चा की जाएगी।

तीन जिलों के शासकीय विभागों का 110 करोड़ रुपए बिजली बिल बकाया

विभागों को तीन महीने का एडवांस जमा करने 10 अगस्त तक मोहलत

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

प्रदेश के सभी जिलों में एक अगस्त से सरकारी विभागों के बिजली कनेक्शनों को प्रीपेड करने की योजना थी। विद्युत विभाग द्वारा सभी विभागों को इस संबंध में पत्र लिखकर भी जानकारी दी गई थी, लेकिन इसके बावजूद विभागों ने इसको लेकर कोई विशेष दिलचस्पी नहीं दिखाई। यही कारण रहा कि जिले सहित प्रदेशभर में यह योजना धरातल में फिलहाल फेल हो गई है। हालत यह है कि अविभाजित राजनांदगांव जिले में सरकारी विभागों पर 107 करोड़ रुपए से अधिक बिजली बिल बकाया है। इनमें सबसे बड़े बकायादार ग्राम पंचायत और नगरीय निकाय है। इधर अब विभागों को तीन महीने का एडवांस जमा करने के लिए 10 अगस्त तक का मौका दिया गया है।

उल्लेखनीय है कि प्रदेश के सरकारी विभागों को तीन-तीन माह के बिजली बिल का पैसा 31 जुलाई तक एडवांस में जमा करने का फरमान जारी किया गया था, लेकिन क्रेडा, पीडब्ल्यूडी सहित महज चार विभागों ने ही अब तक पैसा जमा किया है। ऐसे में अभी सरकारी विभागों के कनेक्शन प्रीपेड नहीं हो सके। छोटे-बड़े मिलाकर कुल 71 विभागों का ग्रुप बनाया गया है। अब विभागों को 10 अगस्त की डेडलाइन दी गई है। सभी विभागों के पैसे जमा होने पर 11 अगस्त से कनेक्शन प्रीपेड किए जा सकते हैं। ज्ञात हो कि प्रदेशभर में पुराने मीटरों को बदलकर स्मार्ट मीटर लगाने का काम तेजी से चल रहा है। इसी क्रम में पहले सभी विभागों से तीन-तीन माह का रीचार्ज कराने के लिए कहा गया था, लेकिन किसी विभाग ने भी रिचार्ज नहीं कराया। ऐसे में अब ऊर्जा विभाग ने एक अधिसूचना जारी कर सभी विभागों को तीन-तीन माह का बिल एडवांस में जमा करने कहा है।

खास बातें

- एडवांस भुगतान नहीं किए जाने के चलते नहीं शुरू हो पाया कनेक्शन
- दूसरी बार दिया गया विभागों को एडवांस देने वक्त

तीन जिले में 10277 कनेक्शन

पहले चरण में ब्लॉक स्तर पर करीब कुछ हजार सरकारी बिजली कनेक्शनों को प्रीपेड करने की तैयारी की गई थी, लेकिन अब अविभाजित जिले के लगभग सभी 10277 कनेक्शनों को प्रीपेड किया जा रहा है। इसमें राजनांदगांव जिले में 5485 सरकारी कनेक्शन, केसीजी जिले में 1965 और एमएमसी जिले में 2827 कनेक्शन शामिल है। इसके लिए अब जिला स्तर पर जितने भी सरकारी विभाग है। जैसे शिक्षा, स्वास्थ्य, आंगनबाड़ी, पंचायतें, पुलिस सहित जितने भी विभाग हैं, उनका अलग-अलग ग्रुप बनाया गया है। इसमें जिस विभाग के एक जिले में जितने भी दफ्तर होंगे, उनका एक माह का बिजली बिल कितना आता है, इसको देखा जा रहा है।

ग्राम पंचायत और नगरीय निकाय

अविभाजित जिले के कई सरकारी विभागों का करोड़ों रुपए का बिजली बिल बकाया है। इनमें सर्वाधिक ग्राम पंचायत का 69.67 करोड़ रुपए, नगरीय निकाय का 25.15 करोड़, लोक स्वास्थ्य एवं यांत्रिकी विभाग का 2.62 करोड़, आदिम जाति कल्याण विभाग का 1.93 करोड़, पुलिस विभाग का 1.19 करोड़, स्वास्थ्य विभाग का 1.35 करोड़ शामिल है। वहीं कनेक्शन की बात करें तो सर्वाधिक बिजली कनेक्शन 4844 कनेक्शन ग्राम पंचायत विभाग के पास है। ऐसे ही 1730 शिक्षा विभाग, 1334 महिला एवं बाल विकास, 808 नगरीय निकाय और स्वास्थ्य विभाग के पास 321 कनेक्शन है।

नांदगांव जिले में 60 करोड़ बकाया

विभागों पर बकाया हमेशा परेशानी का कारण रहा है। कभी भी सरकारी विभाग अपना बिजली बिल जमा ही नहीं करते हैं। अंत में पॉवर कंपनी को प्रदेश सरकार को पत्र लिखकर बजट से पैसा लेना पड़ता है। इस समय सरकारी विभागों पर जुलाई की स्थिति में राजनांदगांव, मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी और खैरागढ़-छुईखदान-गंडई जिले का बकाया 107 करोड़ हो गया है। जिलेवार आंकड़े देखे तो राजनांदगांव जिले में 60.47 करोड़, केसीजी जिले में 24.17 करोड़ एवं एमएमसी जिले में 22.51 करोड़ रुपए बकाया है। बताया गया कि कनेक्शन जब से प्रीपेड किए जाएंगे, तब से बकाया को फ्रीज कर दिया जाएगा और इस बकाया को किस्तों में दिया जाएगा।

नाबालिग से कुकर्म आरोपी पकड़ा गया

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

नाबालिग से दुष्कर्म का एक और मामला सामने आया है। नाबालिग को बहला-फुसला कर अपने साथ ले जाने एवं कुकर्म करने के मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस सूत्रों के अनुसार कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत 12 जुलाई को प्रार्थी द्वारा थाना में रिपोर्ट दर्ज कराया कि उसकी बड़ी लड़की जो नाबालिग है, जो 6 जुलाई को रात्रि करीबन 10 बजे बिना बताए कहीं चली गई है। पता तलाश करने पर नहीं मिल रही है, शंका है कि लड़की को कोई अज्ञात व्यक्ति द्वारा बहला-फुसलाकर अपहरण कर ले गया है। रिपोर्ट अज्ञात आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज किया गया। इस मामले में पुलिस ने अपहृत बालिका को उसके मोबाइल नंबर में संपर्क करने पर राजनांदगांव में होना पता चलने पर 12 जुलाई को अपहृता को तत्काल बरामद कर आवश्यक वैधानिक कार्रवाई कर परिजन को सुपुर्द किया था।

पुलिस ने की कार्रवाई

पुलिस के मुताबिक प्रार्थी 27 जुलाई को पुनः थाना आकर बताया कि 23 जुलाई को उसकी लड़की उसे फोन करके महाराष्ट्र जा रही हूं बताई और 27 जुलाई को घर आकर विवाह करना बताई, जिस पर बालिका को सखी-1 स्टॉफ सेंटर भेजा गया एवं धारा 180 बीएनएसएस के तहत कलमबद्ध कथन कराया गया। जिसमें पीड़िता ने सुनील साहू के साथ महाराष्ट्र जाकर मंदिर में शादी कर सुनील साहू द्वारा कई बार शारीरिक संबंध बनाना बताई, जिस पर मामले में धारा 64 (2), (एम), 65 (1), 87 बीएनएस, 4, 6 पॉक्सो एक्ट समाहित कर आरोपी सुनील साहू 20 साल को हिरासत में लेकर पूछताछ में जुर्म स्वीकार करने पर 7 अगस्त को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड में न्यायालय के समक्ष पेश कर जेल भेजा गया।

चार टन बिजली वायर चोरी, 2 गिरफ्तार

दो आरोपी गिरफ्तार, तुमड़ीबोड़ पुलिस की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

डंप चार टन बिजली वायर की चोरी के मामले में जांच पड़ताल करते पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों से चोरी के वायर बरामद किया गया है।

पुलिस के अनुसार तुमड़ीबोड़ पुलिस चौकी क्षेत्र अंतर्गत 21 जुलाई को प्रार्थी शुभम सोनी द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराया गया कि ग्राम दीवानभेड़ी स्थित साइट पर डंप किए गए 33 केव्ही बिजली एल्युमिनियम वायर करीब 4 टन, जिसकी अनुमानित कीमत 10.50 लाख रुपए है, को अज्ञात चोरों द्वारा चोरी कर लिया गया। रिपोर्ट पर अपराध दर्ज कर विवेचना प्रारंभ की गई। आरोपियों के विरुद्ध धारा 303(2), 317(2), 3(5) बीएनएस के तहत कार्रवाई कर उन्हें न्यायालय में पेश किया गया, जहां से न्यायिक रिमांड पर जिला जेल भेजा गया। मामले में चोरी करने वाले अन्य फरार आरोपियों की तलाश जारी है।

फुटेज से पहचान

इस मामले को लेकर वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के दिशा-निर्देशन में विशेष टीम गठित कर मामले की जांच की गई। सीसीटीवी फुटेज के विश्लेषण के दौरान चोरी में प्रयुक्त अशोक लेलैंड मिनी ट्रक की पहचान की गई। पुलिस को सूचना मिलने पर कि आरोपी चोरी की वायर को बिक्री के लिए बिलासपुर ले जा रहे हैं। पुलिस टीम ने रायपुर-बिलासपुर हाईवे पर घेराबंदी कर आरोपी मो. हसरत खान 22 वर्ष व महफूज खान 23 वर्ष रायपुर को गिरफ्तार किया। आरोपियों के कब्जे से चोरी की गई 5 बंडल 33 केव्ही एल्युमिनियम वायर करीब 4 टन कीमत 10.50 लाख रुपए तथा घटना में प्रयुक्त मिनी ट्रक कीमत लगभग 8 लाख रुपए को जब्त किया गया।

कंटेनर में टकराकर ट्रक अनियंत्रित होकर बाइक सवार के ऊपर पलटा

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

नेशनल हाईवे में दुर्घटनाओं पर विराम नहीं लग पा रहा है। गुरुवार को दोपहर तेज गति व लापरवाही से भागती ट्रक ने पहले एक खडी कंटेनर को ठोकर मारा। जिससे ट्रक अनियंत्रित होकर आगे जाकर बाइक सवार के ऊपर पलट गया। इस दर्दनाक घटना में बाइक सवार की मौके पर ही मौत हो गई। काफी मशक्क्त बाद पुलिस ने बाइक सवार को बाहर निकाला।

पुलिस सूत्रों के अनुसार उक्त घटना तुमडीबोड पुलिस चौक क्षेत्र के नाथूनवागांव के पास गुरुवार को दोपहर लगभग ढाई-तीन बजे की बताई गई है। बताया गया कि नेशनल हाईवे में नाथूनवागांव के पास एक कंटेनर खड़ी हुई थी। इसी दौरान तेज गति एवं लापरवाही से भागती ट्रक ने खड़ी कंटेनर से टकराया। जिससे कंटेनर सड़क से खेत में उतर गई। ठोकर मारने के बाद अनियंत्रित हुई ट्रक आगे जाकर सड़क पर बाइक में गुजर रहे व्यक्ति के ऊपर पलट गई। पुलिस के अनुसार ट्रक में सोयाबीन लोड था।

ट्रक में दबने से बाइक सवार की मौत, मशक्कत बाद शव को बाहर निकाला

मशक्कत बाद ट्रक को हटाया

इस दर्दनाक दुर्घटना के बाद आसपास के लोगों की भीड़ एकत्र हो गई थी। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पुलिस पहुंची और काफी मशक्कत बाद ट्रक को क्रेन के माध्यम से उठाया गया, तब कहीं बाइक सवार को बाहर निकाला जा सका। बताया गया कि इस घटना में बाइक सवार की मौत हो गई थी, जिसे मेडिकल कॉलेज पहुंचाया गया। पुलिस ने मृतक की पहचान सुरेश साहू 54 वर्ष जामसरारखुर्द के रूप में की है। मृतक का पीएम आज कराया गया। पुलिस इस मामले में कार्रवाई कर रही है।

दुर्घटनाओं पर विराम नहीं

हाईवे में दुर्घटनाओं पर विराम नहीं लग पा रहा है। ज्ञात हो कि विगत दिनों सोमनी थाना क्षेत्र में हुए सड़क हादसे में बाइक सवार मां-बेटी की मौत हो गई थी। वहीं पिता-पुत्र गंभीर रूप से घायल हुए थे। बढ़ती दुर्घटनों से आम लोगों में भय व्याप्त होने लगा है।

डीएफओ दिनेश पटेल के निर्देश में वन विभाग की बड़ी कार्रवाई

झुंड से बिछड़े सांभर का शिकार, तीन आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ मोहला

मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी जिले के औंधी क्षेत्र अंतर्गत दक्षिण मानपुर वन परिक्षेत्र में सांभर के शिकार के मामले में वन विभाग ने बड़ी कार्रवाई सुनिश्चित की है। डीएफओ दिनेश पटेल के निर्देश में तीन आरोपी को फॉरेस्ट अमले ने भारतीय वन प्राणी संरक्षण अधिनियम की धारा के तहत हिरासत में लिया है।

उल्लेखनीय कि बीते गुरुवार देर रात गुप्त सूचना के आधार पर बिना देर किए फॉरेस्ट की टीम ने औंधी क्षेत्र के दक्षिण वन परिक्षेत्र के ग्राम रेंगाटोला में दबिश देकर वन्य प्राणी सांभर का शिकार कर उसके अभिन्न

अंगों को पीस-पीसकर मांस पका रहे तीन आरोपियों को रंगे हाथों हिरासत में लिया है। सूचना मिलते ही डीएफओ दिनेश पटेल के निर्देश में तत्काल मौके पर पहुंचे वन विभाग की टीम ने पका हुआ सांभर का मांस व शिकार में प्रयुक्त कुल्हाड़ी बरामद कर तीन आरोपियों के खिलाफ भारतीय वन प्राणी संरक्षण अधिनियम 1972 के तहत मामला दर्ज कर न्यायालयीन अभिरक्षा में जेल भेज दिया है। सांभर के शिकार के इस मामले में रेंज अफसर प्रवीण कुमार देहारी, वनपाल कोमल सिंह, वनपाल नरेंद्र साहू, वनपाल वेंकटेश्वर साहू, वनरक्षक त्रिलोक सिंह, वनरक्षक लोकेश ध्रुव, वनरक्षक द्वारिकाधीश वर्मा, वनरक्षक राजेश कुमार महलागे की भूमिका अहम रही।

तीन आरोपी हिरासत में

इस मामले में डीएफओ दिनेश पटेल ने बताया कि वन्य प्राणी सांभर के शिकार के मामले में तीन आरोपियों को हिरासत में लेकर कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित की गई है। आगे की जांच जारी है। जांच के आधार पर आगे भी एक्शन लिया जाएगा।

इन पर हुई कार्रवाई

सांभर के शिकार मामले में औंधी तहसील के रेगाटोला निवासी काजूराम पिता मशरूम राम 47 वर्ष, रघुराम पिता मनीराम 25 वर्ष और राहुल 23 वर्ष को हिरासत में लेकर भारतीय वन्य प्राणी संरक्षण अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर न्यायिक अभिरक्षा में फॉरेस्ट अमले ने जेल भेजा है।

सांभर यानी जंगली हिरण

सांभर एशिया में पाया जाने वाला एक बड़ा और मजबूत जंगली हिरण है। इसका वैज्ञानिक नाम रूसा यूनिकलर है। यह भारत और दक्षिण एशिया के जंगलों में मिलने वाली हिरणों की सबसे बड़ी प्रजातियों में से एक है, जिसका वजन 300 से 500 किलोग्राम तक हो सकता है।

जंगल से भटककर खेत में फंसा सांभर

कथित सांभर के शिकार के मामले में फॉरेस्ट अमले के जांच में सामने आया कि औंधी क्षेत्र के दक्षिण वन परिक्षेत्र के मेढा बुजुर्ग कंपार्टमेंट 1076 में वन्य प्राणी सांभर झुंड से बिछड़कर गांव के सरहद में पहुंच गया, जहां गांव के फालतू कुत्ते उसे दौड़ाते रहे। इस दौरान सांभर भागते हुए खेत के कीचड़ में फंस गया, जिसे रेगाटोला गांव के तीन आरोपियों ने कुल्हाड़ी से मारकर देर रात मांस पका रहे थे और आधा मांस खा गए थे। इसी दौरान फॉरेस्ट अमले ने छापामार कार्रवाई करते आरोपी काजूराम के घर में दबिश देकर शिकार में शामिल तीन आरोपियों को दबोच लिया।

संजीवनी
नर्सिंग होम
हार्ट एवं न्यूरो केयर सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल
न्यूरोलॉजी विभाग
डॉ. घनश्याम बिसेन सासापारधी
MBBS, MS, Mch, NEUROSURGERY
(PGI Chandigarh)
- सिर दर्द (माईग्रेन)
- मिर्गी
- लकवा
- ब्रेन ट्यूमर
- ब्रेन हेमरेज
- साइटिका (कमर दर्द)
हृदय रोग विभाग
Dr. Zahid Khan
MBBS, MD,
DM Cardiologist
- एंजियोग्राफी
- एंजियोप्लास्टी
- पेसमेकर
24x7 DM
कार्डियोलॉजिस्ट उपलब्ध
24/7 Emergency सेवा उपलब्ध
OPD
10 AM to 4.00 PM
आयुष्मान कार्ड से ईलाज हेतु अधिकृत हॉस्पिटल
पुलिस थाना के सामने, चिखली, राजनांदगांव (छ.ग.)
24/7 Help Line 07744-299988, 82699-24365, 88279-24365

खबर संक्षेप

स्कूल परिसर में पौधरोपण

पटेवा। स्थानीय उच्चतर माध्यमिक शाला में एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत 250 पौधों का रोपण किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि जिपं सदस्य किरण विनोद बारले थी। अध्यक्षता नरेंद्र वर्मा ने की। विशिष्ट अतिथि तुलसी साहू, लक्ष्मी वर्मा, रामदास कोसरे, जितेन्द्र गायकवाड़, अश्वनी साहू, नागेश यदु, ललित साहू, बहुर साहू, विरेन्द्र हिरवानी थे। सभी अतिथियों का प्राचार्य माया एस पेठकर ने स्वागत किया। अतिथियों एवं बच्चों ने पौधे लगाए। इस दौरान प्रमोद कुमार दुबे, खोमलाल साहू, नूतन साहू, मुरली प्रसाद साहू, एचके साहू आदि मौजूद थे।

वृद्धाश्रम व आश्रम स्कूल में भोजन दान

डोंगरगढ़। पारस चौरडिया ने अपनी माताजी की पुण्यतिथि के अवसर पर 6 अगस्त को बछेरभाटा स्थित वृद्धाश्रम एवं आश्रम स्कूल में भोजन दान किया। इस अवसर पर आश्रम में निवासरत बुजुर्गों एवं विद्यार्थियों को स्नेहपूर्वक भोजन कराया गया। इस पुनीत कार्य से बुजुर्गों और बच्चों में खुशी देखने मिली। वृद्धाश्रम एवं आश्रम परिवार ने इस पहल के लिए पारस चौरडिया परिवार का आभार व्यक्त किया है।

डॉ. जेठमल का सम्मान 14 को रायपुर में

डोंगरगांव। अखिल भारतीय प्रतिभा महा सम्मेलन का आयोजन आगामी 14 अगस्त को रायपुर में रखा गया है। इस महासम्मेलन में शिक्षा, स्वास्थ्य, साहित्य, कला, संस्कृति, समाजसेवा एवं राष्ट्रसेवा के क्षेत्र में अनुकरणीय कार्य करने वालों को सम्मानित किया जाएगा। अंचल के डॉ. हेमशंकर जेठमल साहू को प्राइड ऑफ भारत अवॉर्ड से सम्मानित किया जाएगा। समाजसेवा में समर्पित डॉ. साहू बननवागांव के निवासी हैं। वर्तमान में डॉ. साहू कई प्रतिष्ठित संस्थाओं से जुड़े हुए हैं। वह अल्वा फाउंडेशन नई दिल्ली के चेयरमैन के रूप में शिक्षा और स्वास्थ्य संबंधी योजनाएं संचालित कर रहे हैं।

मनाया गया स्तनपान दिवस

सड़क अतरिया। ग्राम खैरानवापारा में शुक्रवार को स्तनपान सप्ताह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में गर्भवती, शिशुवती, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता नजरा बेगम, सेक्टर पर्यवेक्षक खेमीन ध्रुव तथा महिलाएं शामिल हुई। महिलाओं को पर्यवेक्षक ने स्तनपान के महत्व की जानकारी दी। महिलाओं ने शिशु को उचित समय पर पर्याप्त स्तन पान कराने एवं स्वच्छता पर विशेष ध्यान देने की बात कही।

छात्रावास व्यवस्था की समीक्षा

कलकसा। ग्राम पंचायत में संचालित प्री-मैट्रिक बालक छात्रावास में पालक एवं निगरानी समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में विद्यार्थियों के स्वास्थ्य, स्वच्छता, शिक्षा तथा छात्रावास की व्यवस्था पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक के दौरान आरएमए दानेश सिन्हा ने विद्यार्थियों को हाथ धोने के सही तरीके की जानकारी देते हुए व्यक्तिगत स्वच्छता के साथ छात्रावास परिसर को भी स्वच्छ बनाए रखने की प्रेरणा दी। अध्यापक कृष्णा यादव ने कहा कि छात्रावास में रहकर शिक्षा ग्रहण करना एक तपस्या है। विद्यार्थी पूरी लगन, अनुशासन और मेहनत के साथ अध्ययन करेंगे तो वह जीवन के लक्ष्य को प्राप्त कर सकेंगे। अध्यक्षता कर रहे शिव टेभुरकर ने पेयजल की स्वच्छता, भोजन की गुणवत्ता एवं साफ-सफाई का निरीक्षण किया। व्यवस्थाओं से संतुष्ट होकर उन्होंने छात्रावास अधीक्षक वीपी देवांगन की सराहना करते हुए कहा कि विद्यार्थियों के हितों को ध्यान में रखकर बेहतर वातावरण उपलब्ध कराने कहा।

स्तनपान के महत्व से कराया अवगत

छुईखदान। ग्राम पंचायत गर्रा के आश्रित ग्राम जुझारा में 7 अगस्त को विश्व स्तनपान दिवस मनाया गया। माताओं को स्तनपान के महत्व से अवगत कराने के लिए आंगनबाड़ी केंद्र में कार्यक्रम आयोजित किया गया। महिलाओं को स्तनपान के बारे में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सीमा मानिकपुरी, सहायिका मनीषा साहू, ममता सेन, देवबती शोरी, सेवती धुर्वे ने विस्तार से जानकारी दी। इस दौरान नंदनी यादव, हेमा वर्मा, लकेश्वरी यादव, मनीषा विश्वकर्मा, लक्ष्मी मानिकपुरी, संस्था प्रमुख संजीव ध्रुव, शिक्षक मोहित धुर्वे उपस्थिति थे।

शिशु मंदिर में नई समिति का गठन

एलबी नगर। सरस्वती शिशु मंदिर आमगांव में नवीन समिति गठन किया गया। इस दौरान सरपंच ने दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की। समिति में अध्यक्ष योगेंद्र कुमार गजपाले, उपाध्यक्ष हीरालाल साहू, सचिव नवीन कुमार साहू, व्यवस्थापक योगिता सिन्हा, , सह व्यवस्थापक पूर्णिमा साहू, संरक्षक हीरालाल नेताम, घसियाराम साहू, सह संरक्षक पद्मिनी सेन, सावित्रीबाई साहू, देवेश्वरी साहू एवं सदस्य उपेंद्र शेंडे, उत्तम चंद्रवंशी, तोरण लाल साहू, संतोष साहू को बनाया गया है। प्रधानाचार्य भोलाराम देवांगन एवं परीक्षा प्रभारी गणेशराम भोयर ने तिलक वंदन कर पदाधिकारियों का स्वागत किया। सभी पदाधिकारियों ने शपथ ग्रहण किया।

कृष्णानगर में सुविधाओं का अभाव

डोंगरगढ़। पालिका के वार्ड 6 कृष्णा नगर में खेल मैदान, उद्यान, ओपन जिम और अन्य सुविधाओं का अभाव है। युवाओं, महिलाओं और बुजुर्गों के मनोरंजन एवं स्वास्थ्य संबंधी व्यवस्था नहीं होने से लोगों को दूसरे क्षेत्रों का रुख करना पड़ता है। वार्ड में पाईप लाईन बिछाने के बाद भी पेयजल समस्या पूरी तरह समाप्त नहीं हो सकी है। गर्मी के दिनों में कई परिवारों को निजी बोरवेल पर निर्भर रहना पड़ता है। वार्ड का सामुदायिक भवन जर्जर हो गया है। वर्षों से इस भवन के रखरखाव और मरम्मत की मांग की जा रही है, लेकिन अब तक कोई ठोस पहल नहीं हुई। रहवासियों का कहना है कि शहर के अन्य वार्डों में लगातार विकास कार्य किए जा रहे हैं, जबकि वार्ड-6 अब भी कई बुनियादी सुविधा नहीं है। लोगों ने पालिका प्रशासन से स्थल निरीक्षण कर प्राथमिकता के आधार पर विकास की पहल करने का आग्रह किया है।

एक हजार में गुजारा नहीं, बंसोड़ों को चाहिए पर्याप्त बांस

कंडरा समाज का पारंपरिक व्यवसाय संकट में

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंडई पंडरिया

विकास के दावों के बीच क्षेत्र के पारंपरिक बांस शिल्पकारों की की दर्दनाक तस्वीर सामने आई है। महंगाई के इस दौर में जहां सरकार महिलाओं को महतारी वंदन योजना के तहत एक हजार दे रही है वहीं समाज की महिलाओं का कहना है कि यह राशि जीवन यापन के लिए नाकाफी है। महिलाओं कहना है कि उन्हें एक हजार रुपए से ज्यादा हक के 1500 नग बांस की दरकार है, ताकि वह अपने पारंपरिक हुनर को बचाकर आत्मनिर्भर और सुखमय जीवन जी सकें।

जिला प्रशासन ने यह दावा किया था कि गंडई क्षेत्र के कंडरा समाज की महिलाएं महतारी वंदन योजना के पैसों से बांस लेकर झउहा, सूपा और टोकनी बनाकर खुशहाल जीवन जी रही हैं, लेकिन जब जमीनी हकीकत टटोलने के लिए समाज के बीच पहुंचा गया, तो प्रशासन के इन दावों की पोल खुल गई।

प्रत्येक परिवार को वर्षभर में 1500 नग बांस उपलब्ध कराया जाना चाहिए, लेकिन वर्तमान में उन्हें बमुश्किल 300 से 400 नग बांस मिल रहा है। कच्चे माल की भारी किल्लत के कारण यह समाज कंगाली के बीच जीने मजबूर है।

प्लास्टिक सामानों ने छीना रोजगार

शिल्पकारों ने बताया कि बांस से बने उत्पादों की मांग बाजार में लगातार घट रही है जिसका मुख्य कारण प्लास्टिक के सूपे और धमेलों का उपयोग होना है। समाज ने मांग की है कि रोजगार गारंटी और अन्य सरकारी कामों में प्लास्टिक के धमेलों के उपयोग पर रोक लगाई जाए और बांस से बने पारंपरिक उत्पादों को प्राथमिकता दी जाए, ताकि उनकी कला और आजीविका बच सके। शासन स्तर पर उनके द्वारा बनाए गए सामानों की सीधी खरीदी की जाए।

सरकारी उपेक्षा की मार

स्थानीय लोगों का कहना है कि क्षेत्र में कंडरा समाज की आबादी करीब 500 से 600 के आसपास है, लेकिन इस समाज के युवाओं को सरकारी नौकरी नहीं मिलती जिसके चलते वह अपने पुश्तैनी पेशे में हाथ बंटाने को विवश हैं। वर्तमान में हो रही कमाई से परिवार का भरण-पोषण और बच्चों की पढ़ाई का खर्च उठाना असंभव होते जा रहा है।

बढ़ती महंगाई और घटती कमाई

अनिता गोरेलाल कुंजाम, सामबाई रमेश मरकाम, रूखमणी दिलीप छेदय्या, लक्ष्मी कुंजाम, शकुन मरकाम और अनिल मरकाम आदि ने अपना दर्द साझा करते हुए बताया कि खाद्य तेल, खान-पान की वस्तुएं, आसमान छूते गैस सिलेंडर के दाम और भारी-भरकम बिजली बिल ने जनजीवन को संकट में डाल दिया है। महतारी वंदन योजना से मिलने वाला एक हजार रुपया महंगाई के दौर में ऊंट के मुंह में जीरे के समान है। इस राशि से केवल 5 नग बांस खरीदे जा सकते हैं। सालभर के लिए पर्याप्त बांस न मिलने के कारण उन्हें महंगे में बाहर से बांस खरीदना पड़ रहा है, जिससे उनकी आय प्रभावित हो रही है।

बिजली संकट से अनुपयोगी हुए सिंचाई पंप

अर्जुनी क्षेत्र के 35 गांव में लो-वोल्टेज, सूख रही फसल

शिकायत का नहीं हो रहा समाधान

हरिभूमि न्यूज ⏭ अर्जुनी

स्थानीय विद्युत सब स्टेशन अंतर्गत आने वाले करीब 35 गांवों के किसान इन दिनों बिजली संकट से जूझ रहे हैं। क्षेत्र में लगभग 1200 विद्युत पंप कनेक्शन हैं, जो कई दिनों से लो-वोल्टेज के कारण बंद पड़े हैं। वोल्टेज का स्तर इतना कम है कि पंप मोटर चालू नहीं हो पा रहे हैं जिसके कारण खेतों में सिंचाई नहीं हो पा रही है।

क्षेत्र के ग्राम सिंगारपुर, पैरी, झिटिया, घोरदा, भरदा, मेढ़ा, सालिकझिटिया, केसला सहित अन्य गांव के किसानों पर इस समय दोहरी मार पड़ रही है। बीते कई दिनों से क्षेत्र में मानसून सुस्त है और बारिश नहीं हुई है। कड़कड़ाती धूप और बढ़ते तापमान के कारण खेतों का पानी सूख चुका है। पानी के अभाव में खेतों में खड़ी धान की फसल अब पीली पड़ने लगी है। समय रहते सिंचाई नहीं हुई, तो पूरी फसल बर्बाद होने की कगार पर पहुंच जाएगी।

किसानों में आक्रोश

ग्रामीणों का आरोप है कि समस्या की गंभीरता को देखते हुए कई बार विद्युत सब स्टेशन और उच्च अधिकारियों को परेशानियों से अवगत कराया जा चुका है। इसके बावजूद, बिजली विभाग के अधिकारी इस ओर कोई ध्यान नहीं दे रहे हैं। दफ्तरों के चक्कर काटने के बाद भी किसानों को सिर्फ कोरे आश्वासन मिल रहे हैं, जिससे किसानों में भारी आक्रोश व्याप्त है। किसानों का कहना है कि वह हर महीने भारी-भरकम बिजली बिल का भुगतान करते हैं, लेकिन जब फसल को पानी देने का सबसे महत्वपूर्ण समय आया है, तब विभाग पर्याप्त बिजली मुहैया कराने के बजाए हाथ पर हाथ धरे बैठा है।

हत्या मामले के गवाह ने घर में लगाई फांसी

- घटना को लेकर अटलकों का बाजार गर्म

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

नगर के वार्ड-24 में हुए चर्चित धन्नू यादव उर्फ धनेश हत्याकांड में उस समय नया मोड़ आ गया, जब मामले के प्रत्यक्षदर्शी और मृतक के करीबी दोस्त सुमित विश्वकर्मा उर्फ बोगो ने न्यायालय में पेशी से घर लौटने के बाद फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। इस घटना के बाद पूरे क्षेत्र में सनसनी फैल गई।

उल्लेखनीय है कि गत 28 जुलाई की रात को धन्नू यादव की चाकू मारकर हत्या कर दी गई थी, जबकि शाहरुख खान गंभीर रूप से घायल हो गया था। पुलिस ने इस मामले को पुरानी रंजिश का बताते हुए एक आरोपी अभय निषाद को गिरफ्तार किया था। इसी मामले में महत्वपूर्ण गवाह माने जा रहे सुमित विश्वकर्मा की आत्महत्या के बाद कई सवाल खड़े हो गए हैं। लोगों के अनुसार सुमित ने घटना से पहले अपनी जान को खतरा होने की आशंका जताई थी और इसकी जानकारी पुलिस को भी दी थी। आरोप है कि उनकी शिकायत पर कार्रवाई नहीं की गई। कुछ लोगों का दावा है कि धन्नू हत्याकांड में एक से अधिक लोग शामिल थे किन्तु एक को आरोपी बनाया गया है। यह भी आरोप लगाए जा रहे हैं कि गवाह पर बयान बदलने का दबाव बनाया जा रहा था। गवाह के आत्महत्या करने के बाद निष्पक्ष जांच की मांग तेज हो गई है। लोगों का कहना है कि इस बात की जांच होना चाहिए कि जान का खतरा होने की सूचना पर अधिकारियों ने क्या कार्रवाई की?

ओपन काउंसिलिंग से प्रवेश 10 को

डोंगरगढ़। नेहरू महाविद्यालय में स्नातक प्रथम सेमेस्टर बीए, बीकॉम, बीएससी बायो, मैथ्स, कम्प्यूटर साइंस एवं डीसीए प्रथम सेमेस्टर में प्रवेश के लिए 10 अगस्त को ओपन काउंसिलिंग आयोजित की गई है। जिन विद्यार्थियों ने ऑनलाइन आवेदन किया था, लेकिन मेरिट सूची में नाम नहीं आया अथवा नाम आने के बाद भी प्रवेश नहीं लेने के कारण अब तक प्रवेश नहीं लिया है, उन्हें 10 अगस्त को ओपन काउंसिलिंग के माध्यम से प्रवेश का अंतिम अवसर प्रदान दिया जा रहा है।

ढारा से खपरीकला मार्ग जर्जर, निर्माण की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ कलकसा

खैरागढ़ और डोंगरगढ़ को जोड़ने वाला मार्ग इन दिनों प्रशासनिक उदासीनता का सबसे बड़ा उदाहरण बन गया है। यह सड़क वर्तमान में जानलेवा गड्ढों में तब्दील हो चुकी है। शासन-प्रशासन से ग्रामीणों के कई बार निवेदन किए जाने के बावजूद सड़क निर्माण को लेकर कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। बीते दिनों कांग्रेस ने भंडारपुर रोड पर सड़क की हालत को लेकर चक्काजाम किया था। अधिकारियों के आश्वासन पर कांग्रेसजनों ने अपना आंदोलन समाप्त किया किन्तु सप्ताह भर बीतने के बाद भी सड़क की हालत जस की तस बनी हुई है।अभी तक सड़क की मरम्मत नहीं कराया गया जिससे ग्रामीण परेशान है।

नवरात्र के दौरान दिखावा

ग्रामीणों का आरोप है कि लोक निर्माण विभाग के लिए इस मार्ग का रख-रखाव महज औपचारिकता बनकर रह गया है। नवरात्र के दौरान वीआईपी मूवमेंट और भीड़ को देखते हुए विभाग आनन-फानन में नाममात्र मरम्मत करता है, लेकिन इस कार्य में लापरवाही बरतने के कारण नवरात्र समाप्त होने के पहले ही डामर उखड़ जाता है और सड़क अपनी पुरानी स्थिति में आ जाती है।

खेतों से केबल तार ले गए चोर

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुईखदान

श्यामपुर के खेतों से केबल तारों की चोरी का मामला सामने आया है। अज्ञात चोर पांच किसानों के खेतों में लगे बोरिंग के केबल तार काटकर ले गए हैं। घटना के बाद किसानों ने थाने में शिकायत दर्ज कराते हुए चोरों पर कार्रवाई की मांग की है।

किसानों के अनुसार गत 5 अगस्त की रात को चोरों ने अलग-अलग खेतों में चोरी की वारदात को अंजाम दिया। एक किसान के खेत से 30 फीट, दूसरे से 70 फीट, तीसरे से 300 फीट, चौथे से 100 फीट और पांचवें किसान के खेत से करीब 80 फीट केबल तार चोरी कर ले गए। कुल 580 फीट केबल चोरी होने का अनुमान है।

सिंचाई प्रभावित होने की आशंका

किसानों ने बताया कि उनके खेतों में सिंचाई बोरवेल के माध्यम से होती है। केबल तार चोरी हो जाने से बोरिंग बंद हो गए हैं, जिससे सिंचाई प्रभावित होने की आशंका है। खेती के इस महत्वपूर्ण समय में हुई चोरी से किसानों को आर्थिक नुकसान तो हुआ है साथ ही उन्हे फसलों की चिंता सताने लगी है।

त्वरित कार्रवाई की मांग

पीड़ित किसानों का कहना है कि सुबह खेत पहुंचने पर उन्हें चोरी की जानकारी मिली।सभी किसानों ने थाने में शिकायत कर मामले की जांच कर अज्ञात चोरों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है। किसानों ने क्षेत्र में रात्रिकालीन गश्त बढ़ाने की भी अपील की है।

योजनाओं पर चर्चा, ग्रामीणों की समस्याओं का निदान

- गांव में चावल महोत्सव, रोजगार दिवस का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगांव

स्थानीय जनपद पंचायत के अधीन आने वाली ग्राम पंचायतों में शुक्रवार को चावल महोत्सव, रोजगार दिवस एवं आवास दिवस मनाया गया। इस दौरान योजनाओं से संबंधित सभी लंबित विषयों, समस्याओं का निराकरण किया गया। रोजगार गारंटी सहित अन्य आवास योजनाओं अंतर्गत स्वीकृत शत-प्रतिशत आवासों के निर्माण को पूर्ण कराने पर चर्चा किया गया। आवास हितग्राहियों को हस्तांतरित राशि की जानकारी दी गई तथा समस्याओं का समाधान किया गया। स्व-सहायता समूह की दीदियों को सामग्री आपूर्ति एवं आजीविका गतिविधियों के लिए प्रोत्साहित किया गया। इस मौके पर ग्रामीणों को रेन वाटर हार्वेस्टिंग हेतु प्रेरित किया गया।

स्कूलों में बनेगा बालिका शौचालय

मेरी बेटी, मेरा अभिमान अभियान के तहत विद्यालयों में मांग के आधार पर बालिका शौचालय के निर्माण पर चर्चा की गई। इसी क्रम में धार अपार अभियान हेतु कार्ययोजना बनाया गया। इस मौके पर बड़ी संख्या में पंचायत प्रतिनिधि, योजनाओं से जुड़े अधिकारी कर्मचारी मौजूद थे।

आवश्यक बैठक 9 को

राजनांदगांव। जिला संयुक्त सेवा भजन मानस मंडल की आवश्यक बैठक आगामी 9 अगस्त को स्थानीय शिव मंदिर सारथीपारा में दोपहर 2 बजे रखी गई है। बैठक में आगामी 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस समारोह मनाने पर विचार कर चर्चा एवं निर्णय किया जाएगा। संघ के संगठन सचिव मोहन लाल सेन ने मंडलियों के सदस्यों, उस्ताद एवं मंत्रीगणों से ज्यादा से ज्यादा संख्या में उपस्थित होकर बैठक को सफल बनाने अपील की। उक्त जानकारी संघ के सचिव अशोक सारथी ने दी।

खबर संक्षेप

संविदा कर्मियों ने जिपं अध्यक्ष को सौंपा ज्ञापन

खैरागढ़। छग संविदा कर्मचारी महासंघ जिला इकाई के प्रतिनिधिमंडल ने जिला पंचायत अध्यक्ष प्रियंका खम्हन ताम्रकार से भेंटकर संविदा कर्मचारियों की वेतन वृद्धि, विभिन्न सेवा हितों से संबंधित मांगों का ज्ञापन सौंपा। महासंघ के मुरलीधर सोनबेर, प्रेमचंद साहू, लक्ष्मी नारायण सोनी, दीनानाथ लिल्हारे, अशवन सलामे सहित अन्य सदस्यो ने वेतन में वृद्धि, सेवा सुरक्षा, नियमितीकरण की दिशा में ठोस पहल सहित अन्य लंबित सेवा संबंधी मांगों पर सकारात्मक निर्णय लिए जाने का आग्रह करते हुए कहा कि संविदा कर्मचारी लंबे समय से अपनी न्यायोचित मांगों के निराकरण की प्रतीक्षा करते हुए शासन से शीघ्र सकारात्मक निर्णय की अपेक्षा रखते हैं। जिपं अध्यक्ष प्रियंका ताम्रकार ने उनकी मांगों को गंभीरतापूर्वक सुनकर समस्या समाधान के लिए नियमानुसार आवश्यक पहल करते हुए मुख्यमंत्री और वित्त मंत्री को संबोधित अनुशंसा-पत्र तत्काल प्रेषित किया।

पदस्थ शिक्षकों के स्थान पर अन्य कर रहे डयूटी

डोंगरगढ़। स्कूलों से अक्सर गायब रहने वाले शिक्षकों का नियमित वेतन भुगतान करने एवं अन्य राशि आहरण करने का मामला प्रकाश में आया है। मेडिकल अवकाश में रहने वाले शिक्षक अर्जित अवकाश स्वीकृत नहीं होने के बाद भी वेतन हासिल कर रहे हैं। बताया जाता है कि लापरवाही बरतने वाले शिक्षकों से वेतन भुगतान के एवज में तगड़ा कमीशन लिया जा रहा है। ग्राम पंचायत कोठीटोला, घोरतलाव मिडिल स्कूल में पदस्थ दो शिक्षक के स्थान पर कोई अन्य डयूटी कर रहा है और वेतन का आहरण शिक्षकों के नाम पर हो रहा है। जानकारी के अनुसार विकासखंड स्त्रोत समनवयक का पद खाली है जिसके चलते बीआरसी कार्यालय भगवान भरोसे संचालित हो रहा है। हाल ही में शासन ने स्त्रोत समनवयक को बीआरसी से हटाकर उनके मूल पद पर पदस्थ कर दिया है। वहीं संकुल समन्वयक संबंधित स्कूल में डयूटी करने के बजाए बीईओ कार्यालय में बैठे नजर आते हैं।

उपभोक्ताओं की सुविधा के लिए कॉल सेंटर शुरू

खैरागढ़। छत्तीसगढ़ स्टेट पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड द्वारा विद्युत उपभोक्ताओं को त्वरित व बेहतर सेवा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से कॉल सेंटर की स्थापना कर दी गई है। क्षेत्र के उपभोक्ता बिजली से संबंधित अपनी शिकायतें, समस्या सहित आवश्यक जानकारी सीधे कॉल सेंटर के माध्यम से प्राप्त कर सकते हैं। कंपनी द्वारा उपभोक्ताओं की सुविधा के लिए 07820-234229 और 6232942881 हेल्पलाइन नंबर जारी किया गया हैं। इन नंबरों पर संपर्क कर विद्युत आपूर्ति, बिल, मीटर के अलावा अन्य विद्युत संबंधी समस्याओं की जानकारी व शिकायत दर्ज कराई जा सकती है। कंपनी ने समस्त उपभोक्ताओं से अपील की है कि यदि किसी समय कॉल अधिक होने के कारण हेल्पलाइन नंबर व्यस्त मिले तो संयम बनाए रखकर कुछ समय बाद पुनः संपर्क करें। प्रत्येक शिकायत का नियमानुसार पंजीयन कर निर्धारित समय-सीमा में त्वरित व प्रभावी निराकरण सुनिश्चित किया जाएगा। कंपनी ने सभी उपभोक्ताओं से आग्रह किया है कि विद्युत संबंधी किसी भी समस्या के समाधान के लिए उक्त हेल्पलाइन नंबरों का अधिक से अधिक उपयोग कर उपभोक्ता सेवा का लाभ उठाएं।

पतंजलि योग समिति ने मनाया गुरु पूर्णिमा

डोंगरगढ़। पतंजलि महिला एवं पुरुष योग समिति के तत्वावधान में गुरु पूर्णिमा एवं जड़ी-बूटी दिवस उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मंत्रोच्चार और हवन-पूजन से हुआ। इस अवसर पर योग गुरु स्वामी रामदेव बाबा की पूजन-अर्चन कर दीर्घायु एवं उत्तम स्वास्थ्य की कामना की गई।

छात्राओं से साझा किया सफलता का सफर

रजत पदक विजेता ज्ञानेश्वरी का जिला पुलिस ने किया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

कॉमनवेल्थ गेम्स 2026 में वेटलिफ्टिंग में रजत पदक जीतकर देश और छत्तीसगढ़ का गौरव बढ़ाने वाली छत्तीसगढ़ पुलिस की एएसआई ज्ञानेश्वरी यादव का शुक्रवार को राजनांदगांव पुलिस ने भव्य सम्मान किया। पुलिस लाइन स्थित मंगल भवन में आयोजित "फेलिसिटेशन एंड इंटरैक्शन सेशन फॉर गर्ल्स एंड वूमेन" में ज्ञानेश्वरी ने अपने संघर्ष, अनुशासन और आत्मविश्वास से भरे जीवन सफर को साझा करते हुए छात्राओं एवं महिलाओं को बड़े सपने देखने और उन्हें पूरा करने के लिए निरंतर मेहनत करने का संदेश दिया।

कार्यक्रम में डोंगरगढ़ विधायक हर्षिता बघेल, जिला पंचायत अध्यक्ष किरण वैष्णव, पुलिस महानिरीक्षक अजय यादव, पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा, सीएसपी वैशाली जैन, डीएसपी मंजुला बाज तथा ज्ञानेश्वरी यादव के माता-पिता विशेष रूप से उपस्थित रहे। जिले की विभिन्न संस्थाओं की महिला प्रतिनिधियों, अधिवक्ताओं, चार्टर्ड अकाउंटेंट्स, महिला उद्यमियों, लायनेस क्लब, वुमेनिया ऑर्गेनाइजेशन, जीटो वूमेन विंग, विभिन्न स्कूलों की छात्राओं और महिला पुलिस अधिकारियों ने कार्यक्रम में बड़ी संख्या में भाग लिया।

आत्मविश्वास के साथ लिया हिस्सा

संवाद के दौरान छात्राओं ने उनसे कई सवाल पूछे। सबसे भावुक क्षण तब आया जब ज्ञानेश्वरी ने बताया कि कॉमनवेल्थ गेम्स में रजत पदक जीतने वाली प्रतियोगिता उनके मासिक धर्म के पहले दिन हुई थी। सामान्य परिस्थितियों में उन्हें विश्राम की सलाह दी जाती थी, लेकिन उन्होंने मानसिक दृढ़ता और आत्मविश्वास के साथ प्रतियोगिता में हिस्सा लिया और देश के लिए पदक जीतकर यह साबित किया कि मजबूत इच्छाशक्ति हर चुनौती पर भारी पड़ सकती है। ज्ञानेश्वरी ने पदक समारोह का अनुभव साझा करते हुए कहा कि जब भारतीय तिरंगा शान से लहराया और राष्ट्रगान की धुन गूंजी, तब वह उनके जीवन का सबसे गौरवपूर्ण और भावुक क्षण था।

चुनौती पर भारी इच्छाशक्ति

संवाद सत्र के दौरान ज्ञानेश्वरी यादव ने बताया कि सीमित संसाधनों के बावजूद उन्होंने खेल को अपना लक्ष्य बनाया और कठिन परिश्रम, अनुशासन तथा आत्मविश्वास के बल पर अंतरराष्ट्रीय स्तर तक का सफर तय किया। उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता के विश्वास और सहयोग को देते हुए कहा कि परिवार का भरोसा ही उनकी सबसे बड़ी ताकत रहा। उन्होंने अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में भारत का प्रतिनिधित्व करने के अनुभव, मानसिक दबाव से निपटने की तैयारी, सकारात्मक सोच, मानसिक प्रशिक्षण और लक्ष्य के प्रति समर्पण की अहमियत पर भी विस्तार से चर्चा की। उन्होंने अपनी आगामी प्रतियोगिताओं की तैयारियों की जानकारी भी साझा की।

महिला सशक्तीकरण की दिशा में सराहनीय पहल

पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा ने कहा कि इस आयोजन का उद्देश्य केवल एक खिलाड़ी का सम्मान करना नहीं, बल्कि उसकी संघर्षगाथा को समाज तक पहुंचाना है, ताकि जिले की हर बेटी आत्मविश्वास, अनुशासन और सकारात्मक सोच के साथ अपने सपनों को साकार करने के लिए प्रेरित हो। उन्होंने कहा कि ज्ञानेश्वरी यादव का छत्तीसगढ़ पुलिस परिवार का हिस्सा होना पूरे विभाग के लिए गर्व का विषय है। कार्यक्रम के अंत में ज्ञानेश्वरी यादव एवं उनके माता-पिता का स्मृति चिन्ह और पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मान किया गया। उपस्थित सभी अतिथियों और प्रतिभागियों ने इस आयोजन को महिला सशक्तिकरण की दिशा में राजनांदगांव पुलिस की सराहनीय पहल बताया।

विश्व स्तनपान सप्ताह पर मंडला में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

शिशु पोषण और मातृ स्वास्थ्य की दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

विश्व स्तनपान सप्ताह के अवसर पर ब्लाक के ग्रापं मंडला स्थित आंगनवाड़ी केंद्र में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित गर्भवती महिलाओं की गोद भराई की रस्म संपन्न करा माताओं को स्तनपान का महत्व, शिशु पोषण और मातृ स्वास्थ्य के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई।

मुख्य अतिथि सरपंच गोपी वर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि माँ का दूध शिशु के लिए अमृत समान है। जन्म के एक घंटे के भीतर स्तनपान शुरू करना व पहले छह माह तक केवल मां का दूध देना प्रत्येक परिवार की जिम्मेदारी है। स्वस्थ मां और स्वस्थ शिशु ही स्वस्थ समाज की नींव हैं। उन्होंने सभी ग्रामीणों से आंगनवाड़ी केंद्रों से जुड़ने, गर्भवती व धात्री माताओं का सहयोग करने और कुपोषण मुक्त गांव बनाने में सक्रिय भागीदारी निभाने की अपील की। इस दौरान आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं एवं स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों ने उपस्थित महिलाओं को स्तनपान की सही विधि, शिशु देखभाल, पूरक आहार, स्वच्छता एवं पोषण संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी दी। साथ ही बताया गया कि पहले छह माह तक केवल माँ का दूध ही शिशु के लिए पर्याप्त होता है और इससे बच्चों की रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती है।

ग्रामीणों ने लिया संकल्प

मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य के प्रति जनजागरूकता बढ़ाने, कुपोषण रोकने और तथा प्रत्येक नवजात को सुरक्षित और स्वस्थ जीवन की शुरुआत दिलाने के उद्देश्य सें आयोजित कार्यक्रम मे मौजूद ग्रामीणों ने अभियान में सहयोग करने और स्तनपान के प्रति समाज में सकारात्मक संदेश फैलाने का संकल्प लिया। इस दौरान उपसरपंच प्रदेश सिरमौर, परियोजना अधिकारी तथा जिला किशोर न्याय बोर्ड के सदस्यो सहित ग्रामीण महिलाऍ बडी सख्या मे उपस्थित थे।

जिले में सड़क निर्माण के लिए करोड़ों की सौगात, ग्रामीणों की मांग हुई पूरी

- जिपं उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह की पहल से मिली करोड़ों रुपए की स्वीकृति

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

प्रदेश सरकार द्वारा जिले में विकास कार्यों के लिए जिपं उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह के जिला पंचायत क्षेत्र अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्रों में पक्की सड़कों के निर्माण के लिए शासन स्तर से भारी-भरकम राशि की स्वीकृति मिली है।

जिपं चुनाव के दौरान ग्रामीण क्षेत्रों के दौरे पर पहुंचे श्री सिंह से स्थानीय रहवासियों द्वारा सड़कों के निर्माण की मांग प्रमुखता से की गई थी।

जनता की इस मांग को उन्होंने पूरी गंभीरता के साथ पार्टी के शीर्ष नेतृत्व के समक्ष रखा था, जिसका सकारात्मक परिणाम अब धरातल पर नजर आने लगा हैं। शासन द्वारा नए सडक़ निर्माण कार्यों में छुईखदान ब्लॉक के ग्राम पंचायत गर्रा के आश्रित ग्राम बांधटोला-कोहका-झोरी मार्ग लंबाई 2.80 किमी के लिए 4 करोड़ 75 लाख रुपये की राशि मंजूर की गई है।

स्वीकृति के लिए जताया आभार

इसके अलावा खैरागढ़ ब्लॉक के ग्राम भीमपुरी से छुईखदान ब्लॉक के ग्राम बोरई तक 5 किमी लंबी पक्की सडक़ के निर्माण के लिए भी 4 करोड़ 75 लाख रुपये स्वीकृत किया गया हैं। साथ ही लिमो से चिलगुड़ा मार्ग पर पक्की सडक़ निर्माण के लिए भी प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान की गई है। सडक़ निर्माण के लिए राशि स्वीकृत होने पर जिपं उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, वित्त मंत्री ओपी चौधरी, लोनिवि मंत्री अरुण साव, सांसद संतोष पांडेय और जिपं अध्यक्ष प्रियंका ताम्रकार का आभार जताया है। श्री सिंह ने कहा कि भाजपा सरकार कथनी की नहीं, बल्कि करनी और विकास और विश्वास की सरकार है, जो धरातल पर कार्य करने के लिए लगातार राशि जारी कर रही है। उन्होंने विश्वास दिलाते हुए कहा कि जिले के समुचित और सर्वस्पर्शी विकास के लिए राज्य सरकार की ओर से फंड की कोई कमी नहीं आने दी जाएगी और क्षेत्र में निरंतर विकास कार्य जारी रहेंगा।

जिपं की सामान्य सभा में गूंजा जनहित से जुड़ा मुद्दा

- शताक्षी सिंह ने मांगा अधिकारियों से जवाब

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

जिला पंचायत की सामान्य सभा की बैठक में जालबांधा क्षेत्र की जिपं सदस्य शताक्षी सिंह ने क्षेत्र की समस्याओं को प्रमुखता से रखते हुए अधिकारियों से इसके निराकरण की समयसीमा तय करने कहा। शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, मत्स्य पालन और खाद्य विभाग से जुड़े विभिन्न विषयों पर चर्चा के लिए जनप्रतिनिधियों के साथ विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

इस दौरान जिपं सदस्य शताक्षी सिंह ने अपने क्षेत्र से जनहित से जुड़े कई महत्वपूर्ण मुद्दे उठाते हुए संबंधित विभागों से जवाब मांगा। शिक्षा विभाग से जुड़े मुद्दे में ग्राम दपका के शासकीय पूमाशा में अतिरिक्त कक्ष निर्माण का मामले को लेकर कहा कि अतिरिक्त कक्ष निर्माण कार्य 2019 में स्वीकृत हुआ इसके लिए राशि भी जारी की जा चुकी है। निर्माण कार्य का आधा हिस्सा पूरा होने के बावजूद पिछले करीब सात सालों से भवन अधूरा पड़ा है। उन्होंने सवाल उठाया कि स्वीकृति और राशि जारी होने के बाद भी निर्माण कार्य अब तक पूरा क्यों नहीं हुआ। उन्होंने इसे शासन की राशि के उपयोग से जोड़ते हुए पूछा कि अधूरा निर्माण कब तक पूरा किया जाएगा और इसके लिए जिम्मेदारी किसकी तय होगी।

कृषि विभाग की स्थायी समिति की बैठक को लेकर सवाल

कृषि विभाग की स्थायी समिति की सदस्य होने के नाते जिपं सदस्य शताक्षी सिंह ने समिति की नियमित बैठक नहीं होने का मुद्दा उठाते हुए कहा कि समिति की बैठक प्रतिमाह आयोजित की जानी चाहिए, लेकिन समिति के गठन के बाद अब तक केवल एक बार बैठक हुई है। किसानों से जुड़े जनहित के मुद्दों को उठाने और विभागीय योजनाओं की समीक्षा के लिए स्थायी समिति की बैठक महत्वपूर्ण है। ऐसे में नियमित बैठक नहीं होने से किसानों से जुड़े विषयों पर चर्चा और निगरानी प्रभावित हो रही है। विभाग से उन्होंने खाद, बीज और अन्य कृषि सामग्री के वितरण की प्रक्रिया को लेकर भी सवाल किया। उन्होंने पूछा कि शासन की ओर से वितरित की जाने वाली खाद, बीज व अन्य सामग्री का वितरण किस आधार पर किया जाता है। साथ ही बीज वितरण के लिए हितग्राहियों के चयन का मापदंड क्या है, इसकी जानकारी सदन को मिलनी चाहिए। उन्होंने कहा कि किसानों को शासन की योजनाओं और कृषि सामग्री का लाभ पारदर्शी तरीके से मिले, इसके लिए वितरण प्रक्रिया और हितग्राहियों के चयन का स्पष्ट मापदंड होना जरूरी है।

तीन साल से स्टाफ की कमी से जूझ रहा सीएचसी

स्वास्थ्य विभाग से ग्राम मदराकुही के उपस्वास्थ्य केंद्र का मुद्दा उठाते हुए शताक्षी सिंह ने कहा कि केंद्र में निर्धारित सेटअप के अनुसार कम से कम एक सीएचओ, एक आरएचओ मेल, एक आरएचओ फीमेल और दो एएनएम/स्टाफ नर्स की आवश्यकता है, लेकिन बीते तीन सालों से यहां केवल एक सीएचओ और एक आरएचओ मेल ही पदस्थ हैं। उन्होंने सवाल किया कि क्या इतने कम कर्मचारियों के सहारे उपस्वास्थ्य केंद्र का संचालन पर्याप्त रूप से हो सकता है। साथ ही क्षेत्रवासियों को हो रही स्वास्थ्य सुविधाओं की कमी को दूर करने के लिए आवश्यक स्टाफ की नियुक्ति कब तक की जाएगी, इसकी जानकारी भी मांगी।

छीराहीडीह में स्तनपान जागरूकता शिविर आयोजित

गंडई पंडरिया। ग्राम छीराहीडीह में शुक्रवार को स्तनपान सप्ताह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में गर्भवती और शिशुवती माताओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम के दौरान आंगनबाड़ी कार्यकर्ता गौरी राजपुत और सहायिका सतरूपा यदु उपस्थित थी। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता ने महिलाओं को स्तनपान के महत्व की विस्तार से जानकारी दी। बच्चों के स्वास्थ्य को लेकर जागरूक किया गया। कार्यक्रम में महिलाओं और बालिकाओं के लिए चलाई जा रही विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई जिसमें सुकन्या समृद्धि योजना, नोनी सुरक्षा योजना और प्रधानमंत्री मातृवंदना योजना शामिल थी। महिलाओं को योजना का लाभ उठाने प्रेरित किया गया। यह आयोजन महिला एवं बाल विकास अधिकारी सुनील बंजारे का मार्गदर्शन किया गया।

राष्ट्रीय एकता पर्व एवं कला उत्सव में विद्यार्थियों ने दिखाई प्रतिभा

कलकसा। पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय में संकुल स्तरीय राष्ट्रीय एकता पर्व एवं कला उत्सव का आयोजन किया गया। आयोजन में संकुल के अधीन आने वाले भिलाई, राजनांदगांव, खैरागढ़, कवर्धा, दुर्ग, बीएमवाई भिलाई एवं डोंगरगढ़ के 248 विद्यार्थियों ने भाग लिया। विद्यार्थियों ने विभिन्न कला एवं सांस्कृतिक विधाओं में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि डॉ. ईवी रेवती ने किया। विशिष्ट अतिथि श्रीनिवास राव, प्राचार्य एसआर कुजूर थे। कला उत्सव अंतर्गत शास्त्रीय एवं लोक संगीत, लोक नृत्य, नाट्य मंचन, प्रश्नोत्तरी एवं कहानी कथन, एकल गायन, वादन, चित्रकला, त्रि-आयामी कला तथा पारंपरिक हस्तकला एवं खेल आदि का आयोजन किया गया। प्रतिभागियों की प्रस्तुतियों ने अतिथियों, शिक्षकों एवं निर्णायक मंडल को काफी प्रभावित किया। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को प्रशस्ति-पत्र एवं स्मृति-चिह्न प्रदान कर सम्मानित किया गया। समापन अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य श्री कुजूर ने कहा कि कला उत्सव विद्यार्थियों की अंतर्निहित प्रतिभाओं को मंच प्रदान करने के साथ उनमें आत्मविश्वास, सृजनात्मकता, सौंदर्यबोध एवं भारतीय सांस्कृतिक विरासत के प्रति सम्मान विकसित करने का महत्वपूर्ण माध्यम है।

स्काउट-गाइड और रोवर-रेंजर आज से देंगे दक्षता की परीक्षा

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

- चार दिवसीय जिला स्तरीय शिविर, जिलेभर के प्रतिभागी हुए शामिल

राज्य मुख्य आयुक्त इंद्रजीत सिंह खालसा व जिला मुख्य आयुक्त भागवत शरण सिंह के मार्गदर्शन और जिला आयुक्त व जिला शिक्षा अधिकारी मुकुल साव के निर्देशन में भारत स्काउट्स एवं गाइड्स द्वारा जिला स्तरीय स्काउट-गाइड तृतीय सोपान व रोवर-रेंजर निपुण जांच शिविर का डाइट में शुभारंभ हुआ।

इस दौरान शिविर में जिले के विद्यालयों के 250 से अधिक स्काउट, गाइड, रोवर, रेंजर शामिल होकर अपनी दक्षता, कौशल एवं प्रशिक्षण का प्रदर्शन करेंगे। शिविर के दौरान प्रतिभागियों की स्काउट-गाइड तृतीय सोपान तथा रोवर-रेंजर निपुण जांच निर्धारित मानकों के अनुसार संपन्न कराई जाएगी। इसके साथ ही सेवा भावना, अनुशासन, नेतृत्व क्षमता, आत्मनिर्भरता, टीम भावना व सामाजिक उत्तरदायित्व के विकास पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। प्रशिक्षण के माध्यम से प्रतिभागियों को व्यवहारिक ज्ञान के साथ जीवनोपयोगी कौशल भी प्रदान किया जाएंगा।

चार दिवसीय शिविर

चार दिवसीय शिविर में गांठ एवं बंधन, प्राथमिक उपचार, ध्वज शिष्टाचार, कैंप क्राफ्ट, पायनियरिंग, मानचित्र अध्ययन, टोली संचालन, सामुदायिक सेवा, आपदा प्रबंधन, पर्यावरण संरक्षण तथा स्काउटिंग-गाइडिंग की अन्य व्यवहारिक गतिविधियों का प्रशिक्षण एवं परीक्षण होगा। अनुभवी परीक्षक निर्धारित मानकों के अनुरूप प्रतिभागियों की दक्षता का मूल्यांकन करेंगे। प्रतिभागियों के लिए आवास, भोजन, प्रशिक्षण सामग्री, सुरक्षा सहित अन्य आवश्यक व्यवस्था डाइट परिसर में की गई हैं, जिससे शिविर का संचालन सुव्यवस्थित ढंग से हो सके। तृतीय सोपान एवं निपुण जांच में सफल प्रतिभागी स्काउटिंग-गाइडिंग के उच्च स्तरीय प्रशिक्षण व राज्य स्तर की गतिविधियों में सहभागिता के लिए पात्र बनेंगे।

ब्रिटिशकालीन प्रेस से आज भी जिंदा है प्रिंटिंग का इतिहास

230 साल पुरानी लिथोग्राफी की विरासत खैरागढ़ में

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

आज दुनिया डिजिटल प्रिंटिंग और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के दौर में है, लेकिन राजकुमारी इंदिरा सिंह कला संगीत विवि आज भी उस कला को संजोए हुए है, जिसने कभी दुनिया में प्रिंटिंग और जनसंचार की तस्वीर बदल दी थी।

विवि का लिथोग्राफी स्टूडियो केवल एक क्लासरूम नहीं, बल्कि करीब 230 साल पुराने प्रिंटिंग इतिहास का जीवंत संग्रहालय है। यहां आज भी ब्रिटिशकालीन लिथोग्राफी प्रेस चलती है, जर्मनी के मूल लाइमस्टोन पर विद्यार्थी प्रिंट तैयार करते हैं और नई पीढ़ी उस तकनीक को सीख रही है, जिसने कभी अखबार, पोस्टर, कैलेंडर और धार्मिक चित्रों को घर-घर तक पहुंचाया था।

ग्राफिक्स विभाग के गेस्ट लेक्चरार डॉ. मनिंदर सिंह बताते हैं कि लिथोग्राफी का आविष्कार वर्ष 1796 में जर्मनी के कलाकार एलोयस सेनेफेल्डर ने किया था। उन्होंने ऐसी तकनीक विकसित की जिसमें विशेष लाइमस्टोन पर तैलीय माध्यम से चित्र बनाकर उसकी अनगिनत प्रतियां निकाली जा सकती थीं। यही तकनीक आगे चलकर दुनिया में बड़े पैमाने पर छपाई का आधार बनी।

भारत में इस तकनीक की शुरुआत औपनिवेशिक दौर में गोवा से हुई, जहां इसका उपयोग बाइबिल और अन्य धार्मिक साहित्य की छपाई के लिए किया गया। इसके बाद महान चित्रकार राजा रवि वर्मा ने इसकी ताकत को पहचाना और 1894 में अपना लिथोग्राफिक प्रेस स्थापित कर देवी-देवताओं के चित्र हजारों प्रतियों में छापकर आम लोगों तक पहुंचाए। पहली बार भारतीय कला राजमहलों से निकलकर आम घरों की दीवारों तक पहुंची।

लिथोग्राफी की विरासत बचाए हुए है विवि

एमएफए छात्र अश्वनी कुमार ने तकनीक को लेकर बताया कि लिथोग्राफी में सबसे पहले लाइमस्टोन को तैयार किया जाता है। उस पर विशेष तैलीय माध्यम से ड्राइंग बनाई जाती है। फिर गम अरेबिक, पानी और विशेष इंक की मदद से मशीन में प्रिंट निकाला जाता है। एक ही चित्र के कई समान प्रिंट तैयार किए जा सकते हैं और रंगों की कई परतें जोड़कर अंतिम कलाकृति बनाई जाती है। बीएफए की छात्रा नेंसी अग्रवाल ने बताया कि प्रिंटमेकिंग की सबसे बड़ी ताकत यही है कि एक ही कलाकृति की अनेक समान प्रतियां बनाई जा सकती हैं। यही इसे जनसंचार का सबसे प्रभावी माध्यम बनाती है। विभाग में विद्यार्थियों को लिथोग्राफी के अलावा एचिंग, वुडकट, सेरीग्राफी और अन्य प्रिंटमेकिंग तकनीकों का भी प्रशिक्षण दिया जाता है। विवि में इस विषय की पढ़ाई बीएफए, एमएफए, पीएचडी और डीलिट तक कराई जाती है। देशभर से बच्चे यहां इस दुर्लभ कला को सीखने आते हैं। डिजिटल दौर में जब पारंपरिक प्रिंटिंग तकनीकें धीरे-धीरे इतिहास बन रही हैं, तब विवि न केवल लिथोग्राफी की विरासत को बचाए हुए है, बल्कि उसे भविष्य की पीढ़ियों तक भी पहुंचा रहा है।

इंग्लैंड से आई थी मशीन

डॉ मनिंदर सिंह ने बताया कि आधुनिक ऑफसेट प्रिंटिंग और कलर सिस्टम की जड़ें भी लिथोग्राफी में ही हैं। पहले प्रत्येक रंग के लिए अलग-अलग स्टोन तैयार किए जाते थे। इन्हीं रंगों के संयोजन से अंतिम रंगीन प्रिंट बनता था। यही सिद्धांत आज डिजिटल और ऑफसेट प्रिंटिंग में विकसित रूप में दिखाई देता है। विवि का लिथोग्राफी स्टूडियों देश के उन चुनिंदा केंद्रों में शामिल है जहां आज भी स्टोन लिथोग्राफी सिखाई जाती है। यहां संरक्षित ब्रिटिशकालीन प्रेस इंग्लैंड से लाई गई थी, जिसे विभाग के वरिष्ठ कलाकार प्रो वी नागदास लेकर आए। उनके प्रयासों से बड़ी संख्या में मूल लिथोग्राफी स्टोन भी यहां सुरक्षित हैं, जिन पर आज भी विद्यार्थी अभ्यास करते हैं। यही वजह है कि खैरागढ़ को देश के प्रमुख प्रिंटमेकिंग केंद्रों में गिना जाता है। विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर रवि नारायण गुप्ता ने बताया कि लिथोग्राफी केवल एक कला नहीं, बल्कि आधुनिक प्रिंट मीडिया की बुनियाद है। शुरुआती दौर में अखबार, विज्ञापन, पोस्टर और सरकारी सूचनाएं इसी तकनीक से छपती थीं। समय के साथ डिजिटल तकनीक ने इसकी जगह ले ली, लेकिन फाइन आर्ट में इसका महत्व आज भी बना हुआ है। विश्वविद्यालय अब पारंपरिक स्टोन लिथोग्राफी के साथ प्लेट लिथोग्राफी को भी पाठ्यक्रम में शामिल करने की तैयारी कर रहा है।

नक्शा बटांकन की सुस्त रफ्तार से कलेक्टर नाराज, पटवारी को थमाया नोटिस

सुंदरा पटवारी कार्यालय में आकस्मिक निरीक्षण, प्रधानमंत्री आवास योजना की प्रगति की भी ली जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

कलेक्टर जितेन्द्र यादव ने आज राजनांदगांव विकासखंड के ग्राम सुंदरा स्थित पटवारी कार्यालय का आकस्मिक निरीक्षण किया। उन्होंने कार्यालय में राजस्व प्रकरणों के निराकरण की स्थिति की जानकारी लेते हुए अविवादित नामांतरण, सीमांकन, बटांकन, स्वामित्व योजना सहित अन्य लंबित प्रकरणों की समीक्षा की।

कलेक्टर ने ग्राम सुंदरा पटवारी हल्का में नक्शा बटांकन की 54 प्रतिशत प्रगति पर गहरी नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने संबंधित पटवारी को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए तथा आगामी एक सप्ताह में नक्शा बटांकन की प्रगति 75 प्रतिशत तक सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

उन्होंने अविवादित नामांतरण एवं बटवारा प्रकरणों का अभियान चलाकर शीघ्र निराकरण करने के साथ ही किसानों का एग्रीस्टैक पोर्टल में शत-प्रतिशत पंजीयन सुनिश्चित करने कहा। स्वामित्व योजना के तहत लंबित कार्यों को भी प्राथमिकता से पूर्ण करने के निर्देश दिए।

धीमी प्रगति पर नाराजगी

कलेक्टर ने निरीक्षण के दौरान ग्राम पंचायत सुंदरा के सरपंच, सचिव एवं रोजगार सहायक से प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना तथा प्रधानमंत्री आवास योजना की प्रगति की जानकारी ली। उन्होंने शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के माध्यम से सौर ऊर्जा को बढ़ावा देने के साथ बिजली बिल में बचत एवं पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा दिया जा सकता है।

अपूर्ण कार्य शीघ्र करें पूर्ण

कलेक्टर ने प्रधानमंत्री आवास योजना की भी समीक्षा की। ग्राम सुंदरा में योजना के तहत स्वीकृत 48 आवासों में से 32 आवास पूर्ण हो चुके हैं। उन्होंने शेष अपूर्ण एवं अप्रारंभ आवासों की जानकारी लेते हुए संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्माण कार्य में तेजी लाकर सभी आवासों को शीघ्र पूर्ण कराने के निर्देश दिए।

लापरवाही पर होगी कार्रवाई

कलेक्टर द्वारा जनसामान्य से जुड़े राजस्व प्रकरणों के त्वरित निराकरण के लिए लगातार तहसीलों एवं पटवारी कार्यालयों का निरीक्षण किया जा रहा है। इसी कड़ी में उन्होंने ग्राम सुंदरा में अधिकारियों एवं कर्मचारियों को अभियान चलाकर लंबित राजस्व प्रकरणों का समयबद्ध निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि आम नागरिकों एवं किसानों से जुड़े राजस्व प्रकरणों के निराकरण में किसी भी प्रकार की लापरवाही पाए जाने पर संबंधित के विरूद्ध कार्रवाई की जाएगी। इस अवसर पर अपर कलेक्टर सीएल मारकण्डेय, एसडीएम गौतम पाटिल सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

सार समाचार

टेडेसरा में एक पेड़ मां के नाम वृक्षारोपण

राजनांदगांव। ग्राम टेडेसरा में एक पेड़ मां के नाम वृक्षारोपण अभियान के अंतर्गत पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में

जनप्रतिनिधियों, क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों ने सहभागिता करते पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। कार्यक्रम में पूर्व सांसद एवं महापौर मधुसूदन यादव, भाजपा जिला अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत, राजनांदगांव जनपद पंचायत अध्यक्ष प्रतिमा पप्पू चंद्राकर, क्षेत्रीय जनपद सदस्य वेदना देशमुख, सरपंच एवं मंडल अध्यक्ष खिलेश्वर साहू सहित क्षेत्र के ज्येष्ठ एवं श्रेष्ठ कार्यकर्ता उपस्थित रहे। अतिथियों ने पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण और हरित भविष्य के निर्माण का संकल्प लिया।

विद्यार्थियों ने किया वृद्धाश्रम का भ्रमण

राजनांदगांव। पं. किशोरीलाल शुक्ला विधि महा. के विद्यार्थियों को वरिष्ठ नागरिकों सहित माता-पिता के भरण-पोषण तथा कल्याण अधिनियम

2007 की बेहतर जानकारी प्रदान करने वृद्धाश्रम का भ्रमण कराया गया। इस दौरान विद्यार्थियों ने बुजुर्गों के साथ उन्हें अच्छा लगने वाला संवाद भी किया। विधि कॉलेज की प्राचार्य डॉ. निमिषा मिश्रा ने बताया कि विगत दिनों विधि की शिक्षा ग्रहण कर रहे विद्यार्थियों को पारिवारिक एवं सामाजिक जिम्मेदारी से अवगत कराने वृद्धाश्रम का भ्रमण कराया गया। वरिष्ठजनों के सम्मानपूर्ण जीवनयापन को लक्ष्य कर विधि महाविद्यालय के विद्यार्थियों को जमीनी हकीकत से अवगत कराया गया। प्राचार्य डॉ.मिश्रा ने कहा कि शिक्षा का उद्देश्य केवल कानूनी ज्ञान प्रदान करना ही नहीं है, वरन सामाजिक संवेदनशीलता, मानवीय मूल्य एवं उत्तरदायित्व का निर्वहन सीखाना भी है। इस दौरान सहा.प्राध्यापक अलका चौहान, डॉ. अतुल सोनी, सुरभि, सोनाक्षी, प्रेरणा तिवारी सहित कर्मचारियों ने उपस्थिति दर्ज कराई।

समाज ने मुख्यमंत्री के प्रति जताया आभार

राजनांदगांव। छत्तीसगढ़ प्रदेश में निवासरत संत शिरोमणि गुरु रविदास के लाखों अनुयायियों की भावनाओं का सम्मान करते विगत 25 वर्षों से

लगातार की जा रही मांगों पर सहानुभूतिपूर्वक विचार करते संत शिरोमणि गुरु रविदास की 650वीं जयंती अवसर पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय द्वारा समाजहित में अनेक महत्वपूर्ण घोषणाएं की गई है। इसके लिए छत्तीसगढ़ सर्व रविदास समाज मुख्यमंत्री के प्रति आभार व्यक्त करता है तथा अपेक्षा रखता है कि इस समाज के उत्तरोत्तर विकास के लिए सरकार हमेशा सकारात्मक प्रयास करती रहेगी। मुख्यमंत्री के प्रति आभार व्यक्त करने वालों में डॉ. केएल टांडेकर, डॉ. एसकेएस गजेन्द्र, डॉ. एसआर कनोजे, टीआर बांधेकर, नेतराम भोंडेकर, टीआर रामेकर, किशोर कन्नौज, आशा मनघटे, बिपताराम रवि, केएल सोनवानी, पुरुषोत्तम मालेकर, बालाराम कोलते, दुर्गा अहिरवार, महेश चौहान, पीआर झाडे, आरती मराठे, रामेश्वर राठौड़, निर्मल खरे, श्री गांधी, तनय टांडिया, विजय चोरे, अरविंद कुमरे, रामखेलावन लांजेकर, हरीश टांडेकर समेत अन्य लोग शामिल थे।

नीरज पब्लिक स्कूल पेंड्री में कला स्पर्धा आयोजित

राजनांदगांव। नीरज पब्लिक स्कूल पेंड्री राजनांदगांव द्वारा आयोजित आकृति-2026 अंतर शालेय आर्ट कला प्रतियोगिता का आयोजन

सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। प्रतियोगिता में जिले के 14 विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और अपनी रचनात्मक प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। यह प्रतियोगिता 4 केटेगरी कक्षाओं में कला विषयानुसार विभाजित गई थी। प्रतियोगिता का मूल्यांकन निर्णायक आमंत्रित चित्रकार रितेश देवांगन एवं पुनाराम यादव द्वारा किया गया। प्रतियोगिता को चार वर्गों में आयोजित किया गया। प्रत्येक वर्ग में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया। सभी प्रतिभागियों को सहभागिता प्रमाण-पत्र प्रदान कर उनका उत्साहवर्धन किया गया। कार्यक्रम में शाला के मैनेजिंग डॉयरेक्टर कमलेश उभरानी, प्राचार्य भारती गौते उपस्थित रही। कार्यक्रम के सफल आयोजन के पीछे प्रशासक विपिन गौते, सभी एकेडेमिक इचार्जेस, कला विभाग के शिक्षक कल्पेश चौहान, मनीषा श्रीवास्तव, अर्चना वाडेकर, श्रुती साहू, धनराज निषाद व शाला परिवार के सदस्यों का सहयोग रहा।

शहर विकास के लिए मिलेगी 44 करोड़ की सौगात

राजनांदगांव। संस्कारधानी को विकास की ओर अग्रसर करने मूलभूत सुविधा सहित अन्य विकास कार्य कराने शासन द्वारा 44 करोड़ राशि स्वीकृत की गई, जिसे धरातल में मूर्त रूप देने 9 अगस्त को दोपहर 12 बजे कृष्णकुंज जज कालोनी के पास रामकृष्ण नगर में आयोजित कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष एवं विधायक डॉ. रमन सिंह और उप मुख्यमंत्री अरूण साव भूमिपूजन करेंगे। उक्त कार्यक्रम में प्रभारी मंत्री गजेन्द्र यादव, सांसद संतोष पांडे, पूर्व सांसद अभिषेक सिंह सहित वरिष्ठ नेतागण उपस्थित रहेंगे। महापौर मधुसूदन यादव ने बताया कि शासन द्वारा नगर विकास के लिए मुख्यमंत्री नगरोत्थान योजना अंतर्गत 16 करोड़ रुपए से कृष्णकुंज के पास 2000 सीटर आडिटोरियम निर्माण, 15वें वित्त आयोग अनटाईड ग्रांट अंतर्गत 12 करोड़ रुपए से विभिन्न वार्डों में रोड, नाली एवं विद्युतीकरण कार्य, अधोसंरचना मद अंतर्गत 11.57 करोड़ रुपए से विभिन्न वार्डों में रोड, नाली, मुक्तिधाम उन्नयन एवं सामुदायिक भवन निर्माण कार्य तथा मुख्यमंत्री घोषणा अंतर्गत 1 करोड़ रुपए से 4 वार्डों में रोड, नाली एवं सामुदायिक भवन निर्माण कार्य के अलावा 15वें वित्त आयोग टाईड ग्राण्ट के पेयजल प्रबंधन घटक अंतर्गत 3 करोड़ रुपए से विभिन्न वार्डों में पाईप लाइन विस्तार कार्य कराए जाएंगे। महापौर श्री यादव ने पार्षदों, जनप्रतिनिधियों से उपस्थिति की अपील की है।

रैली शहर के मुख्य मार्गों से होती हुई गुजरी

स्टाइपेंड में वृद्धि की मांग को लेकर इंटर्न डॉक्टर ने निकाली बाइक रैली

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

स्टाइपेंड में दोगुनी वृद्धि की मांग को लेकर अनिश्चितकालीन हड़ताल कर रहे इंटर्न डॉक्टरों ने अपनी मांग को लेकर मेडिकल कॉलेज अस्पताल से बाइक रैली निकाली। रैली शहर के मुख्य मार्गों से होते हुए गुजरी। इस दौरान स्टाइपेंड में वृद्धि करने नारेबाजी करते हुए मांग की गई।

एमबीबीएस 2022 बैच के इंटर्न डॉक्टरों द्वारा स्टाइपेंड 15900 रुपए से बढ़कर 30 हजार रुपए करने मांग की जा रही है । मांग पूरी नहीं होने पर उन्होंने अनिश्चितकालीन हड़ताल किया हुआ है । आज अपने हड़ताल के तीसरे दिन इंटर्न डॉक्टरों ने मोटर साइकिल रैली निकालते हुए अपनी मांगों को लेकर आवाज बुलंद किया।

पीजी रेजिडेंट डॉक्टरों ने भी रखी मांग

पीजी रेजिडेंट डॉक्टरों ने भी मेडिकल कॉलेज प्रशासन को एक ज्ञापन सौंपा। उन्होंने मांग की कि इंटर्न डॉक्टरों के साथ-साथ पोस्टग्रेजुएट (पीजी) रेजिडेंट डॉक्टरों की स्टाइपेंड संबंधी मांगों को भी सरकार एक साथ शामिल करते हुए समग्र रूप से पूरा करे। उन्होंने यह भी चेतावनी दी कि यदि उनकी मांगों पर भी सकारात्मक निर्णय नहीं लिया गया, तो पीजी रेजिडेंट डॉक्टर भी आंदोलन में शामिल होने के लिए बाध्य होंगे। जिससे अस्पताल की स्वास्थ्य सेवाएं और अधिक प्रभावित हो सकती है।

सेवा हो रही प्रभावित

इधर इंटर्न डॉक्टरों की हड़ताल से मेडिकल कॉलेज अस्पताल में ओपीडी, इमरजेंसी, एनआईसीयू, पीआईसीयू एवं कैजुअल्टी सेवा प्रभावित हो रही है। इंटर्न डॉक्टरों ने राज्य सरकार से पुनः अपील की है कि वह इंटर्न एवं पीजी रेजिडेंट डॉक्टरों की लंबित स्टाइपेंड संबंधी मांगों पर शीघ्र निर्णय लेकर आदेश जारी करे, ताकि चिकित्सा सेवाएं सामान्य रूप से पुनः प्रारंभ हो सके।

जयस्तंभ चौक पर किया प्रदर्शन

मोटर साइकिल रैली के माध्यम से अपनी मांगों को लेकर बैनर पोस्टर लेकर निकले इंटर्न डॉक्टरों ने जयस्तंभ चौक में प्रदर्शन किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि कई बार स्टाइपेंड वृद्धि को लेकर मांग की जा चुकी है, लेकिन वृद्धि नहीं की जा रही है । उन्होंने कहा कि स्टाइपेंड में शीघ्र एवं न्यायसंगत वृद्धि की है, ताकि वे सम्मानपूर्वक अपनी सेवाएं जारी रख सकें। उन्होंने कहा कि यदि सरकार जल्द निर्णय नहीं लेती है, तो आंदोलन को और व्यापक किया जाएगा।

प्रतिभा खोज परीक्षा कल

राजनांदगांव। छत्तीसगढ़ प्रदेश कुर्मी क्षत्रिय समाज के तत्वाधान में समाज के युवाओं को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से एक विशेष आयोजन किया जा रहा है। इसके तहत प्रदेश स्तर पर छत्रपति शिवाजी महाराज प्रतिभा खोज परीक्षा का आयोजन किया जा रहा है। इस प्रतियोगी परीक्षा में 12वीं उत्तीर्ण युवा भाग ले रहे है। प्रदेशभर से परीक्षा के लिए 1100 से अधिक अभ्यर्थियों ने ऑनलाइन आवेदन किया है। जिसमें राजनांदगांव जिले के 47 अभ्यर्थी भी शामिल हैं।

आवेदकों के लिए रोल नं. और परीक्षा केन्द्र जारी कर दिए गए हैं। परीक्षा की तिथि 9 अगस्त दोपहर 11.45 से 2 बजे तक आयोजित है। इसके लिए परीक्षा केन्द्र पीएम श्री सर्वेश्वर दास नगरपालिक निगम शा.उ.मा. विद्यालय राजनांदगांव छत्तीसगढ़ को बनाया गया है। परीक्षा आयोजन छग व्यवसायिक परीक्षा मंडल व्यापम की तर्ज पर किया जाएगा। इस परीक्षा के संचालन के लिए भूपेन्द्र चन्द्राकर को केन्द्राध्यक्ष नियुक्त किया गया है। परीक्षा प्रभारी चंद्रिका देशमुख तथा सहायक केन्द्राध्यक्ष हेमंत देशमुख है।

प्रसूति विभाग में जटिल शल्य चिकित्सा

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

प्रसूति एवं स्त्री रोग विभाग के विशेषज्ञ चिकित्सकों ने 6 अगस्त को एक महिला के गर्भाशय के ट्यूमर जिसे ब्रॉड लिगामेंट फाइब्रॉयड कहा जाता है, की सर्जरी सफलतापूर्वक संपन्न की। फाइब्रॉयड गर्भाशय का एक ट्यूमर होता है, जो कैंसर नहीं होता, यह फाइब्रॉयड गर्भाशय के अंदर ना होकर गर्भाशय के बाहर बाएं ओर स्थित था। जिसका साइज लगभग 26 हफ्ते के शिशु जितना था, इसके आसपास मूत्रवाहिनी (यूरेटर) तथा प्रमुख रक्त वाहिकाएं होने से इसकी सर्जरी सामान्य फाइब्रॉयड की अपेक्षा अधिक जटिल मानी जाती है।

ऑपरेशन विभागाध्यक्ष डॉ. मीना आरमो, सहायक प्राध्यापक डॉ. अंबालिका ठाकुर एवं टीम द्वारा एनेस्थीसिया विभागाध्यक्ष डॉ. दुर्गा कोसम, सह प्राध्यापक डॉ. स्मृति एवं टीम, स्टाफ प्रभारी इंदुमती व

स्टाफ नर्स माहेश्वरी के सहयोग से पूर्ण किया गया।

उक्त महिला का यूएसजी एवं सीटी स्कैन रिपोर्ट में गर्भाशय कैंसर की संभावना बताई गई। स्टेजिंग लैप्रोटॉमी प्लान किया गया था, किन्तु पेट में चीरा देने के पश्चात ब्रॉड लिगामेंट फाइब्रॉयड होने का पता लगा। ऑपरेशन के बाद गर्भाशय ट्यूब अंडाशय व ट्यूमर जांच हेतु लैब भेज दिया गया। वर्तमान में मरीज की स्थिति पूरी तरह स्थिर है और तेजी से स्वस्थ हो रही है। प्रसूति एवं स्त्री रोग विभाग में नियमित रूप से जटिल स्त्री रोग संबंधी शल्य चिकित्साएं आधुनिक तकनीकों एवं मानक उपचार पद्धतियों के अनुसार की जा रही है। इससे क्षेत्र की महिलाओं को उच्च स्तरीय एवं विशेषज्ञ उपचार अपने ही जिले में उपलब्ध हो रहा है तथा बड़े शहरों की ओर अनावश्यक रेफरल की आवश्यकता कम हो रही है। अस्पताल प्रशासन ने सफल शल्य चिकित्सा के लिए संपूर्ण चिकित्सकीय टीम को बधाई देते विभाग की प्रतिबद्धता दोहराई कि भविष्य में भी मरीजों को सुरक्षित, गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराई जाती रहेगी।

विकास कार्यों का निरीक्षण

मोहला। जिला पंचायत सीईओ मिथलेश कुमार डोंडे ने विखं मोहला एवं मानपुर का दौरा कर विभिन्न विकास कार्यों एवं आजीविका गतिविधियों का निरीक्षण किया। उन्होंने सीएमटीसी प्रशिक्षण केंद्र नाड़ेकल, गोबर गैस प्लांट तथा समृद्धि हाट (रीपा) में संचालित गतिविधियों का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान सीईओ ने महिला स्व-सहायता समूहों द्वारा संचालित बंद गतिविधियों को शीघ्र पुनः प्रारंभ करने के निर्देश दिए।

मुलाकात...

राजनांदगांव। सांसद संतोष पांडे ने सपरिवार देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात कर आशीर्वाद लिया।

मुरमुंदा सहकारी समिति का प्राधिकृत अधिकारी बर्खास्त

राजनांदगांव। मुरमुंदा सहकारी समिति के अशासकीय प्राधिकृत अधिकारी ढाल सिंह साहू को पद से बर्खास्त कर दिया गया है। 27 जुलाई को उपायुक्त सहकारिता राजनांदगांव ने आदेश जारी कर प्राधिकृत अधिकारी को पद से हटाकर देवकन्या ओगरे वरिष्ठ सहकारिता निरीक्षक को नया प्राधिकृत अधिकारी नियुक्त कर दिया है। मिली जानकारी के अनुसार बर्खास्त प्राधिकृत अधिकारी से समस्त कार्यभार वापस ले लिया गया है। जारी आदेश के अनुसार मुरमुंदा समिति के मनोनीत प्राधिकृत अधिकारी पर नाममात्र के कृषक सदस्य होने का आरोप है। जबकि इस पद पर नियुक्ति के लिए नियुक्ति तिथि से पांच वर्ष पूर्व की अवधि में नियमित लेन-देन की शर्त रखी गई है। जिसका पूरा होना नहीं पाया गया। यहां तक अविभाजित सोसाइटी के अभिलेख में वर्ष 2013 से 2020 तक की अवधि में घुमका सोसाइटी में भी शर्तों के अनुरूप अभिलेख नहीं मिलने से बर्खास्तगी की कार्रवाई की गई है।

लगातार हो रही कार्रवाई

प्राधिकृत अधिकारियों की नियुक्ति के लिए विभिन्न शर्तों का पालन कर नियुक्त किया जाना था, लेकिन इन शर्तों के पालन बगैर नियुक्ति के बाद अब शिकायतों के आधार पर ऐसे प्राधिकृत अधिकारियों को हटाया जा रहा है। पूर्व में घुमका और बखत रेंगाकठेरा के प्राधिकृत अधिकारी को भी हटा दिया गया है।

शिवनाथ साइंस कॉलेज में कई प्रजाति के रोपे पौधे

राजनांदगांव। शासकीय शिवनाथ विज्ञान महाविद्यालय में 4 अगस्त को रासेयो इकाई द्वारा प्राचार्य डॉ. निर्मला उमरे के मार्गदर्शन में एक पेड़ मां के नाम के तहत विभिन्न प्रजाति के 100 पौधे महाविद्यालय परिसर में रोपे गए तथा सुरक्षा की व्यवस्था की गई।

सभा को संबोधित करते महाविद्यालय जनभागीदारी अध्यक्ष रवि सिन्हा ने पर्यावरण संरक्षण पर अपनी बात रखते कहा कि पर्यावरण संरक्षण केवल एक दिन का उत्सव नहीं, बल्कि यह निरंतर संकल्प हैं। जलवायु परिवर्तन की चुनौती विकराल है। यदि विश्व के सभी देश, समुदाय व व्यक्ति मिलकर दृढ़ इच्छा शक्ति के साथ कार्य करें तो इस संकट से उबरना असंभव नहीं।

प्राचार्य डॉ. निर्मला उमरे ने वृक्षों के महत्व पर प्रकाश डालते कहा कि प्रकृति व पर्यावरण संरक्षण पर ध्यान देना जरूरी है। वृक्षों व वनों को अपने जीवन का अंग बनाएं, जीवाश्म ईंधन का अत्याधिक दोहन, वनों की अंधाधुंध कटाई, औद्योगिक प्रदूषण, जनसंख्या में वृद्वि, ग्रीन हाउस गैसों की मात्रा बढ़ाकर जलवायु असंतुलन पैदा किया है। फैक्ट्रियों से निकलने वाला धुंआ व कभी नष्ट न होने वाला प्लास्टिक कचरा हमारे पूरे इकोसिस्टम को तबाह कर रहा है। जलवायु आंदोलन में युवाओं की भूमिका महत्वपूर्ण है।

रासेयो अधिकारी डॉ. एसआर कन्नोजे ने कहा कि धरती को हराभरा, सहज व जीवंत बनाए रखने हम अपने-अपने स्तर पर कार्य करेंगे, क्योंकि यह धरती सिर्फ हमारी नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों की भी है और उन्हें यह विरासत सुरक्षित सौंपना हमारा नैतिक दायित्व है। इस अवसर पर जनभागीदारी समिति के सदस्यगण, महाविद्यालय के स्टॉफ व रासेयो स्वयं सेवक उपस्थित रहे।

प्रतिबंधित प्लास्टिक पर निगम की कार्रवाई

- तीन हजार रुपए जुर्माना वसूला

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

प्लास्टिक से होने वाले दुष्प्रभाव एवं पर्यावरण संरक्षण के लिए शासन मंशानुरूप सिंगल यूज प्लास्टिक पर प्रतिबंध लगाने नगर निगम अभियान चलाकर प्रतिबंधित प्लास्टिक विक्रय एवं उपयोग पर जुर्माना कर जब्ती की जा रही है।

कार्रवाई की कड़ी में गुडाखू लाइन एवं फल मार्केट में अभियान चलाकर प्रतिबंधित पालीथिन व सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग करने पर अनाज, चना एवं फल विक्रय करने वाले 9 दुकानों पर कार्रवाई करते लगभग 3 हजार रुपए जुर्माना कर 1 किलो पालीथिन जब्त किया। नगर निगम आयुक्त जीआर मरकाम ने प्लास्टिक से होने वाले नुकसान पर कहा कि आज प्लास्टिक का उपयोग हर व्यक्ति द्वारा किया जा रहा है। जिसका दुष्प्रभाव भी पड़ रहा है तथा प्लास्टिक पर्यावरण को नुकसान पहुंचाने के साथ-साथ मानव जीवन सहित जीव-जंतु के स्वास्थ्य पर सीधा प्रभाव डाल रहा है, फिर भी लोग इसका उपयोग कर रहे हैं। कार्रवाई में गुडाखू लाइन एवं फल मार्केट के 1 अनाज दुकान, 3 चना दुकान व 5 फल दुकानों से 5 सौ, 3 सौ, 2 सौ रुपए जुर्माना लगा 1 किलो प्रतिबंधित पालीथिन जब्त किया।

जानकी ने बढ़ाया जिले का मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

जिले की एथलेटिक्स खिलाड़ी जानकी साहू ने अपनी शानदार खेल उपलब्धियों से राजनांदगांव, छत्तीसगढ़ और देश का गौरव बढ़ाया है। 100 मीटर एथलेटिक्स स्पर्धा की खिलाड़ी जानकी साहू ने जिला पंचायत राजनांदगांव अध्यक्ष किरण रविन्द्र वैष्णव से उनके निवास पर सौजन्य भेंट की।

इस अवसर पर जिपं अध्यक्ष किरण ने जानकी को उनकी उल्लेखनीय उपलब्धियों पर शुभकामनाएं देते कहा कि जिले की बेटियां आज हर क्षेत्र में सफलता का नया इतिहास रच रही है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि जानकी भविष्य में भी राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर जिले, प्रदेश और देश का नाम निरंतर रोशन करेंगी।

जानकी साहू ने 10वीं एसडीपीएफ चैम्पियनशिप की 100 मीटर एथलेटिक्स स्पर्धा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते राष्ट्रीय प्रतियोगिता (राजस्थान) में स्वर्ण पदक (प्रथम स्थान) तथा अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिता (नेपाल) में रजत पदक (द्वितीय स्थान) प्राप्त कर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। इस अवसर पर जिला भाजपा पूर्व महामंत्री रविन्द्र वैष्णव, भाजपा मंडल मीडिया प्रभारी शिशुपाल साहू, भाजपा

मंडल गैंदाटोला युवा मोर्चा अध्यक्ष भूपेंद्र निर्मलकर व सामज प्रमुख पुराण साहू, थूकेंलराम, तारण चंद्रवंशी भी उपस्थित रहे।

अनदेखी: लाखों की लागत से बनी परियोजना, अब गंभीर प्रश्नचिह्न लगे

निर्माण कार्य के महज चार माह में ही सीसी लाइनिंग कार्य में पड़ी दरारें

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

जिले के रेंगाखार जंगल क्षेत्र में सिंचाई व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से स्वीकृत नहर जीर्णोद्धार एवं सीसी लाइनिंग कार्य अब निर्माण गुणवत्ता को लेकर सवालों के घेरे में आ गया है। करीब 2 करोड़ 24 लाख 10 हजार रुपए की लागत से तैयार इस परियोजना में निर्माण कार्य पूरा होने के महज चार माह के भीतर ही कई स्थानों पर दरारें दिखाई देने लगी हैं। पहली ही बारिश में सामने आई इस स्थिति ने क्षेत्र के किसानों की चिंता बढ़ा दी है।

जानकारी के अनुसार 23 दिसंबर 2024 को इस परियोजना के लिए 2 करोड़ 41 लाख रुपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई थी। इसके बाद 1 जनवरी 2025 को 2 करोड़ 40 लाख रुपए की तकनीकी स्वीकृति जारी हुई। वहीं 26 जून 2025 को 2 करोड़ 24 लाख रुपए की अनुबंध राशि पर निर्माण कार्य स्वीकृत किया गया।

प्रदेश सचिव युवा कांग्रेस आकाश केशरवानी ने बताया कि परियोजना के तहत एक्वाडक्ट निर्माण, सीसी लाइनिंग, कोलाबा पाइप फिक्सिंग एवं नहर जीर्णोद्धार जैसे कार्य किए गए, जिनके माध्यम से 274 हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई सुविधा उपलब्ध कराने का लक्ष्य रखा गया था।

हालांकि, निर्माण कार्य पूरा होने के कुछ ही महीनों बाद नहर की सीसी लाइनिंग में कई स्थानों पर दरारें दिखाई देने लगी हैं। इससे निर्माण की गुणवत्ता पर गंभीर सवाल उठ रहे हैं। किसानों का कहना है कि यदि पहली ही बारिश में नहर की यह स्थिति हो गई है, तो आने वाले वर्षों में इसकी मजबूती और उपयोगिता पर बड़ा प्रश्नचिह्न खड़ा हो गया है।

निर्माण कार्य की उच्च स्तरीय तकनीकी जांच कराई जाएं

ग्रामीणों और किसानों ने मांग की है कि निर्माण कार्य की उच्च स्तरीय तकनीकी जांच कराई जाए तथा यदि निर्माण में किसी प्रकार की लापरवाही या गुणवत्ता में कमी पाई जाती है, तो संबंधित एजेंसी और जिम्मेदार अधिकारियों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाए। किसानों का कहना है कि करोड़ों रुपए की लागत से बनी सिंचाई परियोजना का उद्देश्य तभी पूरा होगा, जब निर्माण कार्य निर्धारित मानकों के अनुरूप और टिकाऊ हो।

भ्रष्टाचार अब अपनी सारी सीमाएं पार कर चुका है: आकाश

प्रदेश सचिव युवा कांग्रेस आकाश केशरवानी ने कहा की जिले में निर्माण कार्यों में भ्रष्टाचार अब अपनी सारी सीमाएं पार कर चुका है। करोड़ों रुपए की लागत से बनने वाली सड़कें, पुल-पुलिया और अन्य विकास कार्य गुणवत्ता के अभाव में कुछ ही समय में जर्जर हो रहे हैं। इससे साफ प्रतीत होता है कि निर्माण कार्यों में भारी अनियमितता और लापरवाही बरती जा रही है। इसका खामियाजा आम जनता, ग्रामीणों, किसानों और स्कूल जाने वाले बच्चों को भुगतना पड़ रहा है। जनता के टैक्स के पैसे से होने वाले विकास कार्य यदि कुछ ही दिनों में टूटने लगें, तो यह केवल तकनीकी लापरवाही नहीं बल्कि भ्रष्टाचार का गंभीर संकेत है। सरकार को ऐसे मामलों में लीपापोती करने के बजाय निष्पक्ष जांच करानी चाहिए तथा दोषी अधिकारियों, इंजीनियरों और ठेकेदारों के खिलाफ कठोर कार्रवाई सुनिश्चित करनी चाहिए।

कोलेगांव के गौठान की बदली तस्वीर

■ ग्रापं की पहल को ग्रामीणों ने बताया सराहनीय

हरिभूमि न्यूज ▶▶कोलेगांव

विकासखंड पंडरिया की ग्राम पंचायत कोलेगांव में गौठान की तस्वीर अब बदल गई है। बारिश के दिनों में कीचड़ में तब्दील हो चुके गौठान में गौ-माता को खड़े होने तथा भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता था, ग्रामीणों की इस समस्या को देखते हुए ग्राम पंचायत ने गौठान के मैदान को गिट्टी-डस्ट डालकर कंक्रीट कराने का कार्य शुरू कराया है।

ग्राम पंचायत कोलेगांव सरपंच सुरेश धुर्वे, उपसरपंच विनय शर्मा, पंचगण एवं समस्त ग्रामवासियों के सहयोग से यह कार्य कराया गया। पहले गौठान का पूरा मैदान कीचड़ में तब्दील हो जाता था, जिससे गौवंश के साथ-साथ वहां आने-जाने वाले लोगों को भी परेशानी होती थी। अब मैदान में गिट्टी-डस्ट डालकर उसे मजबूत और उपयोगी बनाया जा रहा है। ग्राम पंचायत की इस सराहनीय पहल पर ग्रामीणों द्वारा सराहना किया जा रहा है। ग्रामीणों से मिली जानकारी के अनुसार ग्राम के गौठान में पंचायत द्वारा लाखों रुपए की लागत से कराए जा रहे, इस विकास कार्य से गौवंश को बेहतर सुविधा मिलेगी और बारिश के मौसम में कीचड़ की समस्या से भी राहत मिलेगी।

वहीं इस कार्य में ग्राम पंचायत सरपंच सुरेश धुर्वे, उप सरपंच विनय शर्मा, शैलेंद्र शर्मा, ओमप्रकाश यादव, टिंकू गोस्वामी, रामसहाय साहू, पल्लू साहू, सरोज चौहान, दिनेश पाण्डेय एवं ग्राम पंचायत कोलेगांव की समस्त ग्राम वासियों में गौठान के मैदान में निर्माण कार्य शुरू होने से ग्रामीणों में उत्साह का माहौल है। क्षेत्रवासियों ने ग्राम पंचायत की इस पहल को गांव के विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया।

कांवड़ियां 16 अगस्त से अमरकंटक से कवर्धा तक सात दिवसीय होगी पद यात्रा

कवर्धा। श्री शनिदेव महामाया बोल-बम समिति कवर्धा के तत्वाधान में वर्ष 2026 की कांवड़ यात्रा 16 अगस्त से प्रारंभ होगी। समिति के अनुसार श्रद्धालुओं का दल 16 अगस्त, रविवार को सुबह 10 बजे अमरकंटक के लिए प्रस्थान करेगा। यात्रा कार्यक्रम के तहत 17 अगस्त सोमवार को जलेश्वर महादेव में जलाभिषेक किया जाएगा। 18 अगस्त को श्रीसत्यनारायण कथा, कांवड़ पूजा-अर्चना एवं संकल्प का आयोजन होगा। इसके बाद 19 अगस्त को खारीडीह, 20 अगस्त को पण्डरीपानी, 21 अगस्त को कुकदुर तथा 22 अगस्त को खड़ौदा के लिए पदयात्रा करते हुए रात्रि विश्राम किया जाएगा। 23 अगस्त को सुबह 4 बजे कवर्धा के लिए प्रस्थान कर बुढ़ेश्वर बुढ़ा महादेव में जलाभिषेक के साथ यात्रा का समापन होगा। यह जानकारी समिति के धर्मेंद्र शर्मा ने दी।

खबर संक्षेप

डोंगरिया जलेश्वर महादेव में 54 कांवड़ियों ने किया जलाभिषेक

बरबसपुर। जिला मुख्यालय से लगभग 11 किलोमीटर की दूरी पर स्थित ग्राम पंचायत बारदी के 54 कांवड़ियों श्रद्धालुओं ने सावन माह में हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी सावन के महीना में मां महामाया बोल बम समिति के 54 कांवड़िया अमरकंटक के मां नर्मदा से जल लेकर जलेश्वर महादेव डोंगरिया, बूढ़ामहादेव कवर्धा, सारंगपुर, पंचदेव मंदिर झिराना महादेव व ग्राम बारदी के महादेव में जल अर्पित किया और विधि-विधान से पूजा किया गया, परिवार समाज क्षेत्र और धर्म के लिए सुख-शांति-समृद्धि एकता भाईचारे तथा खुशहाली की कामनाएं की गई।

ग्राम बारदी के 54 कांवड़ियों के टोलियों के द्वारा बोल बम हर-हर महादेव की जय घोष की नारा अमरकंटक से गांव तक गूंजता रहा और जन-जन तक बोल बम और हर-हर महादेव के संदेश को पहुंचाने का प्रयास किया गया, कार्यक्रम में सरपंच प्रतिनिधि प्रमोद साहू, बोल समिति अध्यक्ष यशवंत साहू, उपाध्यक्ष दिनेश साहू, बबलू चंद्रवंशी, तारण साहू, मुन्ना यादव, रवि मरकाम व समिति के सभी लोग उपस्थित थें।

पालक विद्यालय में छात्र संघ का चुनाव संपन्न, अगसिया बनी शाला नायक

■ चयनित छात्रसंघ पदाधिकारियों को गुलाल लगाकर बधाई दी

हरिभूमि न्यूज ▶▶बोड़ला

शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला व संकुल पालक में प्रधान पाठक सुरतिया राम साहू के मार्ग-निर्देशन एवं छात्रसंघ प्रभारी कृष्ण कुमार बघेल के नेतृत्व में छात्र संघ चुनाव सम्पन्न कराया गया। कक्षा नायक और अन्य पदाधिकारियों का चयन सर्वसम्मति से किया गया, परन्तु शाला नायक का चुनाव पूरी प्रक्रिया से संपन्न हुआ। बच्चों को चुनाव से अवगत कराने और नामांकन से लेकर मतगणना तक के पूरे चरण का बोध कराने के उद्देश्य से स्थानीय परिवेश में उपलब्ध सामाग्री का उपयोग कर शाला नायक का चुनाव कराया गया।

सर्वप्रथम चुनाव तिथि व समय की घोषणा, प्रत्याशियों का नामांकन, प्रचार-प्रसार हुआ। शिक्षकों द्वारा मतदान अधिकारी के रूप में कार्य करते हुए उपस्थिति पंजी को मतदाता सूची मानकर, प्रिंट किया हुआ बैलेट पेपर जारी किया गया। परमानेंट मार्कर को अमिट स्याही के रूप में बच्चों की बाएं हाथ की तर्जनी पर चिन्हांकित किया गया। एक बॉक्स को मतपेटी बनाकर उसमें मतदान कराया गया। सारे बच्चे पूरे प्रक्रिया में बढ़-चढकर हिस्सा लिए, उन्हें आनंद तो आ ही रहा था साथ ही साथ पूरे मतदान प्रक्रिया को समझ भी रहे थे। मतदान समाप्ति के पश्चात बच्चों के सामने ही मतगणना किया गया, सारे बच्चों का मत वैध पाया गया। जो स्पष्ट करता है कि बच्चों में मतदान करने की समझ बन गई है। इस तरह मतगणना पश्चात छात्रा अगसिया को शाला नायक घोषित कर उन्हें सम्मानित किया गया।

साथ ही कक्षा 8वी से महेश, 7वी से लक्ष्मी और छठवीं से अंकिता को कक्षा नायक चुना गया। उक्त चुनाव प्रक्रिया को संपन्न कराने में एमेल्डा मिंज, परमेश्वर सोयाम, सुरेश धुर्वे और रोहित धुर्वे ने सराहनीय कार्य किया। इस अवसर पर एसएमसी अध्यक्ष श्रीमती तीजन बाई, पंच श्रीमती भागमती एवं पालक असडू और जेठिया आदि उपस्थित थें, समूह द्वारा न्यौता भोज में खीर पूड़ी खिलाया गया। प्रधान पाठक सुरतिया राम साहू ने विजयी एवं चयनित छात्रसंघ पदाधिकारियों को गुलाल लगाकर उन्हें बधाई दिए और विद्यालय हित में कार्य करने हेतु पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाया।

कन्झेटा विद्यालय में बालक-बालिकाओं को स्कूल ड्रेस वितरित किया गया

कोलेगांव। विकासखंड पंडरिया में स्थित शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कन्झेटा विकासखंड पंडरिया में प्राथमिक और पूर्व माध्यमिक स्तर के छात्र-छात्राओं को छत्तीसगढ़ शासन से प्रदत्त द्वितीय सेट गणवेश का वितरण किया गया, प्राथमिक से कुल 82 विद्यार्थियों को गणवेश दिया गया, जिसमें से 49 बालिका और 33 बालक व पूर्व माध्यमिक शाला से कुल 86 विद्यार्थियों को जिसमें 40 बालक और 46 बालिका को गणवेश वितरण किया गया। जिस पर प्राचार्य संजय वैष्णव ने बताया कि विभाग से जैसे गणवेश से प्राप्त हुआ है, विद्यालय के शासकीय प्राथमिक और पूर्व माध्यमिक के छात्र-छात्राओं को ड्रेस वितरण कर दिया, ताकि नवप्रवेशी बच्चे गणवेश पहनकर विद्यालय में आए। उक्त वितरण कार्यक्रम में प्रधान पाठिका श्रीमती नंदनी लांझेकर, हीरालाल चंद्रवंशी सहित श्रीमती लता चंद्रवंशी, श्रीमती कुसुम मंडावी, संकुल समन्वयक गणेश चंद्रवंशी, सुषमा लांझेकर, कोमल लांझेकर का सहयोग रहा। साथ ही गणवेश वितरण कार्यक्रम से शाला समिति मोहन चंद्रवंशी, परस चंद्रवंशी, सरपंच भागीरथी सोनवानी, उपसरपंच संजय चंद्रवंशी ने खुशी व्यक्त किया गया। वहीं नए गणवेश मिलने से छात्राओं के चेहरे खुशी से खिल उठें।

स्वतंत्रता सेनानी ई. राघवेंद्र राव की 137 जयंती पर नि:शुल्क शिविर आयोजित, सैकड़ों मरीज लाभान्वित

■ चिकित्सा शिविर में डॉ नरेश यदु ईएनटी विशेषज्ञ हुए सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

प्रख्यात स्वतंत्रता संग्राम सेनानी ई. राघवेंद्र राव स्मृति निःशुल्क चिकित्सा शिविर सखी निवास साइंस कॉलेज बिलासपुर पूर्व महापौर वीणा राव द्वारा 2 अगस्त रविवार को आयोजित किया गया था। शिविर का उद्घाटन मुख्य अतिथि जीएस मिश्र, उपाध्यक्ष नीति आयोग छग शासन रायपुर थे। उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता संग्राम सेनानी की यादगार को चिरस्थाई बनाया जाए।

मुरली खंडेलवाल प्रदेश अध्यक्ष स्वतंत्रता संग्राम सेनानी उत्तराधिकारी संस्था छग ने कहा कि आज 137वीं ई. राघवेंद्र राव की जयंती पर विशाल चिकित्सा शिविर में आए मरीजों का विशेषज्ञ द्वारा परीक्षण कर आवश्यक दवा निःशुल्क वितरित किया जा रहा है। कार्यक्रम का

शुभारंभ ध्वजारोहण , वंदे मातरम्, दीप प्रज्वलन से हुआ। शिविर में पैथोलॉजी से लेकर मेडिसिन , हड्डी रोग, जनरल सर्जन, शिशु रोग, स्त्री रोग , चर्म रोग , कान नाक गला रोग , मानसिक रोग , नेत्र रोग के विशेषज्ञ ने अपनी सेवा दी। कुल 500 विभिन्न रोग के मरीज ने अपना चिकित्सीय परीक्षण करा कर आवश्यक दवा प्राप्त किया। शिविर में अनेक अति विशिष्ट, गणमान्य व्यक्तियों ने भेंट दी। जिसमें सुशांत शुक्ला विधायक बिलासपुर, सीपत पूर्व विधायक एवं राष्ट्रीय उपाध्यक्ष चंद्रप्रकाश बाजपेयी, कलेक्टर पूर्व महापौर वीणा राव, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी आदि शामिल थे। अंत में विशेषज्ञों को सम्मानित किया गया, जिसमें डॉ नरेश कुमार यदु, ई. एनटी विशेषज्ञ एवं जिलाध्यक्ष स्वतंत्रता संग्राम सेनानी उत्तराधिकारी संस्था कबीरधाम जिला को श्रीफल, शाल व मोमेंटो देकर सम्मानित किया।

कार्यक्रम का सफल संचालन अनिल तिवारी ने किया। इस चिकित्सा शिविर में बिलासपुर के अतिविशिष्ट व्यक्तियों के साथ कवर्धा के डॉ नरेश कुमार यदु, नरोत्तम महोबिया, महेश महोबिया, गुरुप्रसाद शर्मा, सियाराम महोबिया, तरुण शेखर अवस्थी, दीपराम वर्मा, कैलाश ठाकुर उपस्थित थे। सफल आयोजन के लिए स्वतंत्रता संग्राम सेनानी उत्तराधिकारी संस्था कबीरधाम जिला द्वारा धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

सॉफ्टबॉल में राष्ट्रीय पदक विजेता भूपेंद्र गढ़े और बीरेंद्र टंडन बने उत्कृष्ट खिलाड़ी

कवर्धा। प्रयास स्पोर्ट्स अकेडमी कवर्धा के बेसबॉल और सॉफ्टबॉल खेल के खिलाड़ियों द्वारा विगत 13 वर्षों से प्रदेश के साथ-साथ जिले का नाम रौशन करते आ रहे है, हाल ही में छत्तीसगढ़ खेल एवं युवा कल्याण विभाग के द्वारा 156 उत्कृष्ट खिलाड़ियों की सूची जारी किया गया है, जिसमें कवर्धा के दो सॉफ्टबॉल खिलाड़ियों का भी नाम आया है, जिन्होंने ने सॉफ्टबॉल सीनियर वर्ग में राष्ट्रीय स्तर पर स्वर्ण पदक लगाया था, जिन्हें अब से शासकीय नौकरी मिलेगा 7 साल के लंबे इंतेजार के बाद अब जाके उन्हें अपनी मेहनत का फल मिला है। इसके अलावा पूरे छत्तीसगढ़ में सर्वाधिक संख्या में सॉफ्टबॉल खेल से ही 31 खिलाड़ियों को उत्कृष्ट खिलाड़ी बनाया गया है जो बहुत बड़ी उपलब्धि है। एकेडमी के सचिव राजा जोशी ने बताया कि जिले के लिए बहुत ही गौरव की बात है कि सॉफ्टबॉल खेल के माध्यम से आज भूपेंद्र गढ़े एवं बीरेंद्र टंडन उत्कृष्ट खिलाड़ी बने है। जिले के दो खिलाड़ियों को उत्कृष्ट खिलाड़ी बनने के अवसर पर पदाधिकारी व गणमान्य नागरिकों सहित खिलाड़ियों ने बधाई दी।

दो दिवसीय जिला स्तरीय प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने लिया हिस्सा

अंतर्विद्यालयीन फुटबॉल स्पर्धा का आगाज

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

नगर की प्रतिष्ठित और प्राचीन संस्था गुरुकुल पब्लिक स्कूल में दो दिवसीय जिला स्तरीय अंतर्विद्यालयीन अंडर-19 फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें अंचल के 11 शालाओं यथा गुरुकुल पब्लिक स्कूल, अभ्युदय पब्लिक स्कूल, रामकृष्ण पब्लिक स्कूल, स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम विद्यालय छुईखदान, एकाडेमिक वर्ल्ड स्कूल बेमेतरा, स्वामी आत्मानंद बोड़ला तथा कवर्धा, दिल्ली पब्लिक स्कूल तथा दिशा पब्लिक स्कूल कवर्धा ने भाग लिया।

इस प्रतियोगिता के अतिथि के रूप में संदीप गोविलकर जिला क्रीड़ा अधिकारी तथा दिनेश कुमार साहू सह जिला क्रीड़ा अधिकारी, जितेंद्र जांगड़े, स्वामी आत्मानंद हिंदी माध्यम विद्यालय कवर्धा के वरिष्ठ क्रीड़ा शिक्षक, संस्था के पदाधिकारीगण शाला

के प्राचार्य एवं प्रशासक मंचाचीन थे। समस्त अतिथियों के करकमलों द्वारा विद्या की देवी मां सरस्वती के तैलचित्र पर पुष्प माल्यार्पित कर पूजन वंदन कर कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। समस्त अतिथियों को पुष्प गुच्छ भेंटकर आत्मीय स्वागत किया गया। समस्त अतिथियों को शाला का स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया। वहीं शुक्रवार को प्रथम मैच गुरुकुल एवं दिशा पब्लिक स्कूल के बीच खेला गया। जिसमें गुरुकुल ने एक गोल से विजय हासिल की। इसी क्रम में दिल्ली पब्लिक स्कूल कवर्धा के साथ अभ्युदय पब्लिक स्कूल कवर्धा के मध्य कांटे की टक्कर का मैच हुआ, इसमें दिल्ली पब्लिक स्कूल ने एक गोल से विजय हासिल की। तीसरा मैच स्वामी आत्मानंद नवीन हिंदी विद्यालय कवर्धा तथा अशोका पब्लिक स्कूल कवर्धा के मध्य रोमाचपूर्ण हुआ। इसमें अशोक ने 3-2 से विजय हासिल की।

यहां बताना लाजिमी होगा कि शनिवार को गुरुकुल प्रांगण में सेमीफाइनल एवं फाइनल मैच खेले जाएंगे। संस्था के अध्यक्ष तथा अन्य पदाधिकारीगण ने विजयी दल की प्रशंसा करते हुए आगामी खेल के लिए शुभकामनाएं प्रदान की हैं। अध्यक्ष ने अपने संदेश में कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताएं आपसी सद्भाव एवं क्रीडा दक्षता के लिए आवश्यक हैं।

समस्या: बारिश में लबालब बांध, तटबंध कमजोर होने से जन-धन, खेती में मंडरा रहा खतरा

स.लोहारा के बिलहरी बांध के तटबंध में आई दरारें, मिट्टी का कटाव बढ़ा, दहशत

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

मैकल पर्वत श्रृंखला के घने जंगलों के बीच स्थित बिलहरी बांध लगातार बारिश के बाद खतरे के मुहाने पर पहुंच गया है। बांध पूरी क्षमता तक भर जाने से तटबंध पर जलदाब बढ़ गया है, जिसके चलते कई स्थानों पर दरारें उभर आई हैं और मिट्टी का रिसाव लगातार जारी है।

रिसाव के कारण तटबंध की मिट्टी नीचे स्थित खेतों तक पहुंचने लगी है। हालात को देखते हुए आसपास के गांवों के लोगों में भय और चिंता का माहौल है। ग्रामीणों ने आशंका जताई है कि यदि समय रहते तटबंध की प्रभावी मरम्मत नहीं कराई गई तो किसी भी बड़ी दुर्घटना से इंकार नहीं किया जा सकता। ग्रामीणों के अनुसार तटबंध के कमजोर होने की स्थिति में आसपास के गांवों की कृषि भूमि, निचले इलाकों तथा जन-धन को भारी नुकसान पहुंच सकता है।

इसके साथ ही नगर पंचायत सहसपुर लोहारा की जलापूर्ति एवं निस्तारी व्यवस्था भी प्रभावित होने की आशंका है, क्योंकि बिलहरी बांध ही क्षेत्र का प्रमुख जल स्रोत है। ग्रामीणों ने जल संसाधन विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए आरोप लगाया कि विभागीय अधिकारी नियमित रूप से बांधों का तकनीकी निरीक्षण नहीं करते और न ही समय पर आवश्यक मरम्मत कार्य कराए जाते हैं। उनका कहना है कि यदि समय-समय पर निरीक्षण और तटबंध की मरम्मत होती रहती तो आज यह स्थिति निर्मित नहीं होती। ग्रामीणों का दावा है कि तटबंध में दरार और मिट्टी के रिसाव की जानकारी पहले ही संबंधित अधिकारियों को दे दी गई थी, लेकिन अब तक न तो विशेषज्ञों की टीम मौके पर पहुंची है और न ही रिसाव रोकने के लिए कोई आपातकालीन कार्य शुरू किया गया है।

पूर्व जनपद पंचायत अध्यक्ष एवं वर्तमान जनपद पंचायत सदस्य लीला धनुक वर्मा ने भी जल संसाधन विभाग की कार्यशैली पर सवाल उठाते हुए कहा कि हाल ही में आयोजित जनपद सामान्य सभा की बैठक में जब क्षेत्र के बांधों की सुरक्षा, निरीक्षण और मरम्मत कार्यों के संबंध में जानकारी मांगी गई तो विभाग की ओर से किसी विशेष मरम्मत परियोजना के संचालित नहीं होने की बात कही गई।

उनका कहना है कि जब बिलहरी बांध के तटबंध में दरारें और मिट्टी का रिसाव स्पष्ट दिखाई दे रहा है, तब विभाग का यह जवाब वास्तविक स्थिति से मेल नहीं खाता। क्षेत्रवासियों ने जिला प्रशासन एवं जल संसाधन विभाग से बिलहरी बांध की उच्चस्तरीय तकनीकी जांच कराने, तटबंध की युद्धस्तर पर मरम्मत शुरू करने, मिट्टी के रिसाव को तत्काल रोकने, जिले के सभी प्रमुख बांधों का सुरक्षा ऑडिट कराने तथा वर्षा ऋतु के दौरान नियमित तकनीकी निरीक्षण सुनिश्चित करने की मांग की है।

ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि समय रहते ठोस कदम नहीं उठाए गए तो भविष्य में यह लापरवाही बड़े जन-धन नुकसान का कारण बन सकती है।

जनपद सदस्य ने विभागीय जवाब पर उठाए सवाल

पूर्व जनपद पंचायत अध्यक्ष एवं वर्तमान जनपद पंचायत सदस्य लीला धनुक वर्मा ने कहा कि हाल ही में हुई जनपद सामान्य सभा की बैठक में बांधों की सुरक्षा और मरम्मत को लेकर विभागीय अधिकारियों से जानकारी मांगी गई थी। अधिकारियों ने किसी विशेष मरम्मत कार्य के संचालित नहीं होने की जानकारी दी, जबकि बिलहरी बांध के तटबंध में दरारें और मिट्टी का रिसाव स्पष्ट दिखाई दे रहा है। उन्होंने इसे विभागीय लापरवाही बताते हुए तत्काल कार्रवाई की मांग की।

ग्रामीणों ने शासन-प्रशासन के समक्ष रखी मांगे

ग्रामीणों ने बिलहरी बांध की मौजूदा स्थिति में को देखते हुए उच्चस्तरीय तकनीकी जांच कराए जाने, तटबंध की आपातकालीन मरम्मत युद्धस्तर पर शुरू कराने, मिट्टी के रिसाव को रोकने के लिए तत्काल प्रभावी कदम उठाए जाने, जिले के सभी प्रमुख बांधों का विशेष सुरक्षा ऑडिट कराए जाने तथा वर्षा ऋतु के दौरान नियमित तकनीकी निरीक्षण सुनिश्चित कराए जाने की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि इन मांगों पर तत्काल अमल नहीं हुआ तो भविष्य में गंभीर दुर्घटना और भारी जन-धन हानि की आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता।

जिले में 10 अगस्त को कृमि मुक्ति दिवस का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

10 अगस्त को जिले में राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस मनाया जाएगा। कार्यक्रम के तहत 1 से लेकर 19 वर्ष तक के बच्चों व किशोर किशोरियों को आंगनबाड़ी केन्द्रों सरकारी व निजी विद्यालयों में, एलबेन्डाजोल गोली (पेट के कीड़े मारने की दवा) निःशुल्क खिलाई जाएगी। इसके बाद 17 अगस्त को मॉप अप दिवस आयोजित किया जाएगा, जिसमे 10 अगस्त को टैबलेट नही खा पाने वाले छूटे हुए बच्चों को एलबेंडाजोल गोली खिलाई जाएगी।

इस संबंध में कलेक्टर की गोपाल वर्मा की अध्यक्षता में जिला स्तरीय समन्वय समिति की बैठक आयोजित की गई। जिसमें उन्होंने 10 अगस्त को शत-प्रतिशत बच्चों को एलबेंडाजोल की खुराक देने के निर्देश दिए। बच्चों में बढ़ते कुपोषण की रोकथाम व शारीरिक एवं मानसिक विकास के लिए इस दवा का सेवन अत्यंत जरूरी है।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया कि जिले के 3 लाख 98 हजार 980 बच्चों को डिवार्मिंग गोली खिलाने का लक्ष्य निर्धारित है। आंगनबाड़ी केन्द्रों में 1 से 2 वर्ष तक के बच्चों को ऐल्बेण्डाजोल 400 एमजी की आधी गोली को दो चम्मच के बीच में रखकर चूरा करके स्वच्छ पीने के पानी में घोलकर पिलाई जायेगी एवं 2 से 19 साल के बच्चे को 1 गोली चबाकर खाने को दी जाएगी। जो बच्चे स्कूल नहीं जाते हैं उन्हें भी आंगनबाड़ी केन्द्रों के मार्फत दवा खिलाई जाएगी।

जिला कार्यक्रम प्रबंधन ने बताया कि इस अभियान के तहत सभी बच्चों को एलबेंडाजोल की खुराक देने के लिए कार्ययोजना अनुरूप शिक्षकों, मितानिनो, ऑगनबाडी कार्यकर्ताओं एवं स्वास्थ्य अमले को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। अभियान में शिक्षा विभाग तथा महिला एवं बाल विकास विभाग की महत्वपूर्ण भूमिका रहेगी।

पूर्णतः सुरक्षित है दवा, शारीरिक मानसिक विकास में सहायक

यह दवा पूर्णतः सुरक्षित है। जो बच्चे स्वस्थ दिखें उन्हें भी ये खिलाई जानी है क्योंकि कृमि संक्रमण का प्रभाव कई बार बहुत वर्षों बाद स्पष्ट दिखाई देता है। दवा से पेट के कीड़े मरते हैं इसलिए कुछ बच्चों में जी मिचलाना उल्टी या पेट दर्द जैसे सामान्य लक्षण हो सकते हैं लेकिन ये सामान्य व अस्थाई हैं। जिन्हें आंगनबाड़ी व विद्यालय में संभाला जा सकता है।

खबर संक्षेप

अग्निवीर को मिलेगा निःशुल्क प्रशिक्षण

कवर्धा। भारतीय थलसेना में अग्निवीर भर्ती वर्ष 2026 के लिए आयोजित ऑनलाइन लिखित परीक्षा (सीईई) का परिणाम घोषित हो चुका है। लिखित परीक्षा में सफल अभ्यर्थियों की शारीरिक दक्षता परीक्षा आगामी 3 से 4 माह में आयोजित होने की संभावना है। जिले के ऐसे अभ्यर्थी जिन्होंने अग्निवीर भर्ती की लिखित परीक्षा उत्तीर्ण की है, वे 17 अगस्त 2026 तक जिला रोजगार कार्यालय, काली माता मंदिर के पास, ठाकुर पारा, कवर्धा में अपना पंजीयन करा सकते हैं। प्रशिक्षण का उद्देश्य अभ्यर्थियों को शारीरिक दक्षता परीक्षा के लिए बेहतर ढंग से तैयार करना है, ताकि वे सेना भर्ती प्रक्रिया में सफल हो सकें अधिक जानकारी के लिए अभ्यर्थी जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केंद्र, कबीरधाम से संपर्क कर सकते हैं।

लिखित परीक्षा के लिए मेरिट सूची जारी

कवर्धा। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) के अंतर्गत 14 अगस्त 2025 को जारी विज्ञापन के अनुसार विभिन्न पदों पर संविदा भर्ती प्रक्रिया के तहत जिला चयन समिति के निर्णयानुसार पात्र अभ्यर्थियों की 1.10 के अनुपात में दस्तावेज सत्यापन एवं लिखित परीक्षा हेतु मेरिट सूची जारी कर दी गई है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार अभ्यर्थी मेरिट सूची एवं दस्तावेज सत्यापन तथा लिखित परीक्षा की समय-सारणी जिले की आधिकारिक वेबसाइट पर देख सकते हैं।

छिरहा की 32 छात्राओं को मिली निःशुल्क साइकिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

कवर्धा ब्लॉक अंतर्गत स्थित शासकीय हाई स्कूल छिरहा में राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी सरस्वती सायकल योजना के अंतर्गत एक गरिमामय कार्यक्रम में विद्यालय की 32 छात्राओं को निःशुल्क सायकल का वितरण किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती और छत्तीसगढ़ महतारी की पूजा-अर्चना पश्चात अतिथियों के स्वागत से किया गया।

समारोह के मुख्य अतिथि जिला पंचायत सभापति प्रतिनिधि विजय पटेल ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि राज्य सरकार शिक्षा के स्तर को सुधारने और इसे बालिकाओं के लिए अधिक सुलभ बनाने के उद्देश्य से निरंतर प्रयासरत है। निःशुल्क सायकल वितरण इसी सोच का प्रतिफल है, ताकि दूर-दराज से आने वाली छात्राओं को स्कूल पहुंचने में किसी तरह की परेशानी का सामना न करना पड़े। उन्होंने विद्यार्थियों से इस सुविधा का पूरा लाभ उठाते हुए मन लगाकर पढ़ाई करने तथा अपने स्कूल, गांव और माता-पिता का नाम रोशन करने का आह्वान किया। साथ ही उन्होंने स्थानीय विधायक एवं उपमुख्यमंत्री द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में किए जा रहे अभूतपूर्व कार्यों का उल्लेख करते हुए बताया कि क्षेत्र में मेडिकल कॉलेज और नालंदा शिक्षा परिसर जैसी वृहद सुविधाएं उपलब्ध कराया जा रहा है, जिनका सीधा लाभ युवाओं को मिलेगा।

कार्यक्रम के दौरान सरपंच सुरेश पटेल, गयाराम साहू तथा भगत पात्रे ने भी अपने विचार व्यक्त करते हुए छात्राओं को भविष्य में सफलता पाने के लिए निरंतर कठोर परिश्रम करने हेतु प्रेरित किया। इस सफल आयोजन के दौरान व्याख्याता कल्पना मरावी, रंजीता माहेश्वरी, वीणाक्षी नामदेव और छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

अंचल के जलाशय लबालब...

कवर्धा। लगातार हो रही बारिश से अंचल के जलाशय लबालब।

सावन में जमकर बरस रहे बदरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

सावन के महिने में अंचल के बादल रूक-रूककर बरस रहे हैं। हालांकि लगातार हो रही बारिश से लोगों को कई प्रकार की समस्याओं का भी सामना करना पड़ रहा है लेकिन खेती किसानी के लिए इस उपयोगी माना जा रहा है।

दूसरी तरफ लगातार बारिश से जिले के नदी, नाले, बांध भी लबालब हो चुके हैं। प्रशासनिक आंकड़ के मुताबिक कबीरधाम जिले में एक जून से आज तक 377.5 मिली मीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। कार्यालय कलेक्टर भू-अभिलेख शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार कवर्धा तहसील में 387.5 मिलीमीटर, पंडरिया तहसील में 314.1 मिलीमीटर, बोड़ला तहसील में 334.9 मिलीमीटर, सहसपुर लोहारा तहसील में 284.0 मिलीमीटर, रेंगाखार तहसील में 377.0 मिलीमीटर, कुण्डा तहसील में 259.3 मिलीमीटर, पिपरिया तहसील में 522.6 मिलीमीटर और कुकदूर तहसील में 540.7 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई है। 7 अगस्त की स्थिति में पिछले 24 घंटे में जिले में 2.1 मिलीमीटर औसत वर्षा हुई है, कवर्धा तहसील में 0.0 मिलीमीटर, पंडरिया तहसील में 1.8 मिलीमीटर, बोड़ला तहसील में 0.0 मिलीमीटर, सहसपुर लोहारा तहसील में 0.0 मिलीमीटर, रेंगाखार तहसील में 2.0 मिलीमीटर, कुण्डा तहसील में 1.1 मिलीमीटर, पिपरिया तहसील में 0.7 मिलीमीटर और कुकदूर तहसील में 11.5 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई है।

पांच सूत्रीय मांगों को लेकर मजदूर संघ का अल्टीमेटम

पंडरिया कारखाना प्रशासन को सौंपा ज्ञापन

- लंबित भुगतान सहित समजदूर संघ ने रखी अन्य कई मांगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल सहकारी शक्कर कारखाना मर्यादित पंडरिया में श्रमिकों की विभिन्न समस्याओं को लेकर भारतीय मजदूर संघ ने प्रबंधन के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है।

संघ ने श्रमिक हितों से जुड़ी पांच प्रमुख मांगों को लेकर प्रबंध संचालक को ज्ञापन सौंपते हुए शीघ्र निराकरण की मांग की है। संघ का आरोप है कि श्रमिकों की समस्याओं का समाधान करने के बजाय प्रबंधन लगातार भेदभावपूर्ण एवं दबावपूर्ण रवैया अपना रहा है। भारतीय मजदूर संघ ने मांग की है कि संघ के महामंत्री एवं क्षेत्र सहायक ललित चंद्रवंशी को तत्काल पूर्व कार्यस्थल पर बहाल किया जाए। संघ का आरोप है कि श्रमिक हितों की आवाज उठाने के कारण 5 अगस्त की शाम उन्हें मौखिक आदेश के जरिए कार्य से हटा दिया गया।

संघ ने इसे श्रमिकों की आवाज दबाने का प्रयास बताते हुए तत्काल बहाली की मांग की है। ज्ञापन में वर्ष 2026 के मेंटेनेंस कार्य में पूर्व वर्षों की तरह सभी श्रमिकों को बिना किसी भेदभाव के कार्य पर रखने, वर्षों से कार्यरत ठेका श्रमिकों का कार्यस्थल नहीं बदलने, वर्ष 2024 एवं 2025 की हड़ताल अवधि के लंबित भुगतान का निराकरण करने तथा जून 2025 से ठेका श्रमिकों के भुगतान में किए जा रहे कथित भेदभाव को समाप्त कर सभी श्रमिकों का समय पर भुगतान सुनिश्चित करने की मांग भी प्रमुखता से उठाई गई है। संघ का कहना है कि ठेका श्रमिकों के भुगतान में देरी से उनके परिवार आर्थिक संकट का सामना कर रहे हैं।

इसलिए लंबित भुगतान का तत्काल निराकरण किया जाए और भविष्य में सभी श्रमिकों को समान रूप से समय पर वेतन उपलब्ध कराया जाए। भारतीय मजदूर संघ ने प्रबंधन से सभी मांगों पर लिखित रूप से निर्णय की जानकारी देने की मांग करते हुए चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र समाधान नहीं हुआ तो 11 अगस्त 2026 से कारखाना परिसर में समस्त श्रमिकों के साथ अनिश्चितकालीन टूलडाउन एवं धरना-प्रदर्शन शुरू किया जाएगा। संघ ने आंदोलन से उत्पन्न होने वाली परिस्थितियों की जिम्मेदारी कारखाना प्रशासन एवं प्रबंधन की बताई है।

टूलडाउन और धरना की चेतावनी

भारतीय मजदूर संघ ने स्पष्ट किया है कि यदि पांचों मांगों पर समय रहते सकारात्मक निर्णय नहीं लिया गया तो 11 अगस्त 2026 से कारखाना परिसर में अनिश्चितकालीन टूलडाउन एवं धरना-प्रदर्शन शुरू किया जाएगा। संघ ने कहा कि वह श्रमिकों के अधिकारों की रक्षा के लिए लोकतांत्रिक तरीके से संघर्ष जारी रखेगा और आंदोलन से उत्पन्न होने वाली सभी परिस्थितियों के लिए कारखाना प्रबंधन जिम्मेदार होगा।

निधन

गायत्री प्रसाद कश्यप

कुण्डा। ग्राम कुण्डा निवासी पूर्व मालगुजार स्व.रामकुमार चंद्राकर के भांजा एवं पूर्व पोस्टमेन माधव प्रसाद कश्यप के भ्राता समाजसेव गायत्री प्रसाद कश्यप का 62 वर्ष की आयु में स्वास्थगत कारणों से गुरुवार की मध्यरात्रि आकस्मिक निधन हो गया। उनके निधन की खबर से क्षेत्र में शोक व्याप्त है। स्वर्गीय कश्यप अपने सरल स्वभाव एवं समाज सेवा के प्रति समर्पण के लिए जाने जाते थे। उनका अंतिम संस्कार गृह ग्राम में किया गया जिसमें बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिकों, सामाजिक लोगों एवं शुभचिंतकों ने शामिल होकर श्रद्धांजलि अर्पित की।

गन्ना आयुक्त व सहकारिता विभाग के पंजीयक को सौंपा गया ज्ञापन

मांग: कृषक उन्नति योजना में शामिल हो गन्ना

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

प्रदेश में गन्ना किसानों की विभिन्न मांगों को लेकर भारतीय किसान संघ ने शासन-प्रशासन के नाम ज्ञापन सौंपते हुए गन्ना फसल को कृषक उन्नति योजना में शामिल करने तथा किसानों को 15 हजार रुपये प्रति एकड़ आदान सहायता देने की मांग की है।

संघ का कहना है कि यदि गन्ना किसानों को भी अन्य फसलों की तरह प्रोत्साहन नहीं मिला तो प्रदेश में गन्ने का रकबा लगातार घटेगा और किसान तेजी से धान की खेती की ओर रुख करेंगे। भारतीय किसान संघ के जिलाध्यक्ष डोमन चंद्रवंशी ने बताया कि संघ के प्रतिनिधिमंडल ने रायपुर स्थित इंद्रावती भवन में कृषि एवं जैव प्रौद्योगिकी विभाग के गन्ना आयुक्त एवं एपीसी सिद्धार्थ कोमल परदेशी तथा सहकारिता विभाग के पंजीयक रमेश कुमार शर्मा को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में गन्ने का समर्थन मूल्य बढ़ाने, गन्ना फसल को कृषक उन्नति योजना में शामिल करने, गन्ना किसानों के समर्थन मूल्य की भुगतान राशि एक सप्ताह के भीतर उपलब्ध कराने तथा नागरिक आपूर्ति निगम द्वारा कम दर पर उठाई जाने वाली शक्कर के मूल्य में वृद्धि करने सहित कई महत्वपूर्ण मांगें रखी गईं।

जिलाध्यक्ष श्री चंद्रवंशी ने बताया कि राज्य सरकार ने फसल विविधीकरण को बढ़ावा देने तथा दलहन और तिलहन उत्पादन बढ़ाने के उद्देश्य से धान के अलावा अन्य फसलों पर 15 हजार रुपये प्रति एकड़ आदान सहायता देने की घोषणा की है। हालांकि इस योजना में गन्ना फसल को शामिल नहीं किया गया है, जबकि प्रदेश के आठ जिलों में बड़े पैमाने पर गन्ने की खेती की जाती है और हजारों किसान इससे जुड़े हुए हैं।

आने वाले दिनों में मंडरा सकता है चीनी उद्योग पर खतरा

संघ के प्रतिनिधि मण्डल ने कहा कि छत्तीसगढ़ में धान का समर्थन मूल्य देश में सबसे अधिक होने के कारण बड़ी संख्या में गन्ना उत्पादक किसान धान की खेती की ओर आकर्षित हो रहे हैं। यदि यही स्थिति बनी रही तो प्रदेश में गन्ना उत्पादन प्रभावित होगा और चीनी उद्योग पर भी इसका प्रतिकूल असर पड़ेगा। इसलिए गन्ना किसानों को भी अन्य फसलों की तरह 15 हजार रुपये प्रति एकड़ इनपुट सब्सिडी प्रदान की जाए, ताकि किसान गन्ना उत्पादन के लिए प्रोत्साहित हों और फसल विविधीकरण को भी मजबूती मिले। भारतीय किसान संघ ने ज्ञापन के माध्यम से मांग की कि गन्ना किसानों के हितों को ध्यान में रखते हुए सभी लंबित मांगों पर शीघ्र निर्णय लिया जाए, जिससे किसानों को आर्थिक राहत मिल सके और प्रदेश में गन्ना उत्पादन को बढ़ावा मिले। ज्ञापन सौंपने के दौरान प्रदेश मंत्री कुणाल सिंह, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य नंदकुमार चंद्रवंशी, जिलाध्यक्ष डोमन चंद्रवंशी, जिला मंत्री जीवन यादव, जिला कार्यालय मंत्री कमलेश चंद्रवंशी तथा तहसील सहमंत्री गोपेश जायसवाल सहित भारतीय किसान संघ के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

कवर्धा में सद्भावना दौड़ का भव्य आयोजन 14 को

- प्रातः 7 बजे आउटडोर स्टेडियम से होगी शुरुआत

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी 14 अगस्त 2026 को प्रातः 7.00 बजे सद्भावना दौड़ का आयोजन किया जाएगा। दौड़ का शुभारंभ आउटडोर स्टेडियम से होगा।

सद्भावना दौड़ का निर्धारित मार्ग आउटडोर स्टेडियम से शासकीय स्वामी करपात्री स्कूल, सरदार पटेल मैदान, भारत माता चौक, वीर जयस्तंभ चौक, गुरूनानक चौक, मुख्य बाजार, ऋषभ देव चौक, एकता चौक, वीर जयस्तंभ चौक, भारत माता चौक तथा शासकीय स्वामी करपात्री स्कूल होते हुए पुनः आउटडोर स्टेडियम तक रहेगा, जहां दौड़ का समापन किया जाएगा।

खेल एवं युवा कल्याण विभाग ने जिले के सभी मिडिल स्कूल, हाई स्कूल एवं महाविद्यालय के विद्यार्थियों, आम नागरिकों, गणमान्य नागरिकों, प्रशासनिक अधिकारियों-कर्मचारियों तथा पत्रकार बंधुओं से सद्भावना दौड़ में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर राष्ट्रीय एकता, भाईचारे और सद्भाव का संदेश देने की अपील की है।

जिला प्रशासन द्वारा स्वतंत्रता दिवस के मौके आयोजित इस सद्भावना दौड़ की तैयारियां प्रारंभ कर दी गई है।